

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 12 फरवरी 2023 ■ फाल्गुन कृष्ण पक्ष -6 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-314 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 13 फरवरी 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### विजय जांगिड़ शैलजा के साथ अटैच

**रायपुर,12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में एआईसीसी से



एक और राष्ट्रीय नेता की नियुक्ति की गई है. विजय जांगिड़ प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा के साथ अटैच किए गए हैं. छत्तीसगढ़ में संयुक्त सचिव बनाए गए हैं. छत्तीसगढ़ में कुमारी सैलजा के साथ वे भी कांग्रेस में जिम्मेदारी संभालेंगे. कांग्रेस के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणु गोपाल ने आदेश जारी किया है.

### नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़, पांच नक्सली घायल

**कांकेर,12 फरवरी।** आल्दंड के जंगलों में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ की खबर सामने आ रही है। मुठभेड़ में पांच नक्सली घायल हुये हैं। आज सुबह पुलिस टीम जंगल में सर्चिंग पर निकली हुई थी। तभी नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। घटना की पुष्टि एसपी शलभ सिन्हा ने की है।

### कार ने बाइक सवारों को मारी टक्कर

**कोरबा,12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है. जहां मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत बुधवारी बाईपास रोड में बाइक सवार को चपेट में ले लिया है। कार ने पहले दो बाइक सवार को चपेट में लिया फिर एक डग्गा वाहन को ठोकर मारते हुए एक राहगीर को चपेट में ले लिया। हादसे के बाद राहगीरों की भीड़ एकत्रित हो गई वही कार चालक मौके से फरार हो गया। इसकी सूचना मानिकपुर चौकी पुलिस को और 112 की टीम को दी गई जहां मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए तीन घायलों को अस्पताल के लिए रवाना किया गया। मानिकपुर चौकी प्रभारी प्रहलाद राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी आप घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए वाहन को जप्त कर लिया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

### विरोधियों में चल रहा इलू-इलू: शाह

**अगरतला,12 फरवरी।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने त्रिपुरा के उनाकोटी जिले के चांदीपुर में हुई रैली के दौरान कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा है। अमित शाह की रैली के दौरान उन्होंने कहा कि त्रिपुरा में अब भाजपा सरकार द्वारा किए गाए काम का असर दिखने लगा है। उन्होंने विपक्ष पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि अब राज्य में वाम दल और कांग्रेस डरे हुए है। इस रैली के दौरान अमित शाह विपक्ष पर जमकर बरसे। उन्होंने वाम संगठनों और कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि वाम और कांग्रेस में गठबंधन हुआ है। इस गठबंधन के होते ही वाम दलों ने स्वीकार किया की भाजपा के साथ उनका मुकाबला अकेले नहीं हो सकता है। वहीं कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं को कम्युनिस्टों ने कई वर्षों में मौत के घाट उतारा है। उन्हीं वाम दलों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी इलू-इलू कर रही है। कांग्रेस और सीपीआई (एम) ने त्रिपुरा के लिए कुछ नहीं किया। भाजपा के शासन में त्रिपुरा में विकास हुआ। हमने सबके विकास के लिए काम किया।

# बिस्वा भूषण छग के नए राज्यपाल

## अनुसुइया उइके मणिपुर व रमेश बैस महाराष्ट्र के राज्यपाल

■ तरुण छत्तीसगढ़

**नई दिल्ली 12 फरवरी ।** बिस्वा भूषण हरिचंदन छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल होंगे, वही झारखंड के गवर्नर रमेश बैस को महाराष्ट्र का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल अनुसुइया उइके को मणिपुर का नया राजपाल बनाया गया है रविवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र के गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी का इस्तीफा मंजूर कर लिया है। अब झारखंड के गवर्नर रमेश बैस महाराष्ट्र के नए राज्यपाल बनाए गए हैं। इनके अलावा 13 राज्यों में राज्यपाल और उप-राज्यपाल बदले गए हैं। ज्ञात हो कि आरक्षण विधेयक को लेकर उइके के साथ कांग्रेस सरकार का विवाद चल रहा था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधा कृष्णन माथुर के इस्तीफा स्वीकार करने के साथ रविवार को नई नियुक्ति की है। भगत सिंह कोश्यारी के स्थान पर झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

वहीं अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल के तौर पर लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक (सेवानिवृत्त), सिक्किम के राज्यपाल के रूप में लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, झारखंड का राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, असम के राज्यपाल के रूप में गुलाब चंद कटारिया, आंध्र प्रदेश के राज्यपाल के रूप में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) एस अब्दुल नज़ीर नियुक्त किया गया है। इनके अलावा एल. गणेशन को नागालैंड, फगू चौहान को मेघालय, राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को बिहार का राज्यपाल और ब्रिगेडियर (रिटायर्ड) बीडी मिश्रा को लद्दाख का उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है।







### भाजपा ने उइके को काम नहीं करने दिया : बघेल

**रायपुर।** बिस्वा भूषण हरिचंदन छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल होंगे। वहीं अनुसुइया उइके को अब मणिपुर की राज्यपाल होंगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर विश्व भूषण हरिचंदन को नए राज्यपाल बनने पर बधाई दी है। इसके साथ ही अनुसुइया उइके को मणिपुर की राज्यपाल बनने पर शुभकामनाएं दी है। सीएम भूपेश बघेल ने ट्वीट कर लिखा कि–महामहिम राष्ट्रपति जी ने श्री विश्व भूषण हरिचंदन जी को छत्तीसगढ़ का नया राज्यपाल नियुक्त किया है। उन्हें ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएँ। मैं छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से हमारे नए संवैधानिक अभिभावक का स्वागत करता हूं। हमारी वर्तमान राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके जी अपनी नयी संवैधानिक जिम्मेदारी अब बतौर मणिपुर राज्यपाल निभाएंगी। उनको शुभकामनाएँ। व्यक्तिगत रूप से मैं उन्हें अपनी बड़ी बहन मानता हूँ। मुझे इस बात की पीड़ा हमेशा रहेगी कि भाजपा ने उन्हें उनकी भावनाओं के अनुरूप काम नहीं करने दिया।

### कौन हैं बिस्वा भूषण हरिचंदन

छत्तीसगढ़ में अनुसूईया उइके की जगह राज्यपाल नियुक्त किए गए विश्व भूषण हरिचंदन ने अपना राजनीतिक करियर 1971 में शुरू किया था। जनसंघ से जुड़े हरिचंदन वर्ष 1977 में जनता पार्टी के गठन के पहले तक आंध्र प्रदेश में जनसंघ के महाचिव रहे थे। इसके अलावा वह संघ के राष्ट्रीय कार्यकारी सदस्य भी रह चुके हैं। हरिचंदन बतौर आंध्र बीजेपी अध्यक्ष 1980 से 1988 तक बने रहे। वर्ष 2004 में आंध्र प्रदेश की बीजेडी और बीजेपी गठबंधन सरकार में कैबिनेट मंत्री की भी जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। हरिचंदन पांच बार ओडिशा विधानसभा के सदस्य रहे हैं। आपातकाल के समय वे मीसा बंदी भी थे।

### रमन सिंह ने दी बधाई

पूर्व डॉ. रमन सिंह ने भी ट्वीट कर नए राज्यपाल विश्व भूषण को बधाई दी। उन्होंने कहा, राज्यों के राज्यपालों को छत्तीसगढ़ के राज्यपालों ने प्राथमिकताएं दी हैं। प्रदेश की पुण्य धारा पर विश्व भूषण का हार्दिक स्वागत है। मुझे विश्वास है कि आपके मार्गदर्शन में छग संवैधानिक अधिकारों का दिशा-निर्देश होगा।

### 13 राज्यों के बदले गए राज्यपाल

1. लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक ( अरुणाचल प्रदेश)
2. लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ( सिक्किम)
3. सीपी राधाकृष्णन ( झारखंड)
4. गुलाब चंद कटारिया ( असम)
5. शिव प्रताप शुक्ला ( हिमाचल प्रदेश)
6. रिटायर्ड ब्रिगेडियर डॉ. बीडी मिश्रा (उप- लद्दाख)
7. जस्टिस एस अब्दुल नजीर ( आंध्र प्रदेश)
8. एलए गणेशन ( नगालैंड)
9. फागू चौहान ( मेघालय)
10. राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ( बिहार)
11. बिस्वा भूषण हरिचंदन ( छत्तीसगढ़)
12. अनुसुइया उइके ( मणिपुर)
13. रमेश बैस (महाराष्ट्र)

### भाजपा के दबाव में थीं उइके

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा है कि राज्यपाल अनुसुइया उइके आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर करना चाहती थीं लेकिन भाजपा के दबाव में वे ऐसा नहीं कर सकीं। मरकाम ने कहा कि आदिवासी राज्यपाल को हटाने से यह साफ हो गया है कि भाजपा आदिवासी विरोधी है।

# जल चुनौतियों के समाधान की ओर बढ़ रहा भारत : नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली,12 फरवरी।** जल चुनौतियों के समाधान की ओर बढ़ रहा भारत..जन-जन की भागीदारी से मिलेगा हल। वर्षों से कहा जाता रहा है कि जल है तो कल है। केंद्र सरकार की नीति का उद्देश्य भी यही है। भारत अमृत यात्रा की दिशा में आगे बढ़ते हुए विकसित राष्ट्र के संकल्प को पूरा करने में जुटा हुआ है। वहीं जीवन की मूलभूत आवश्यकता में जल की अहमियत अधिक बढ़ जाती है। भारत सरकार ने इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए अमृतकाल की 2047 तक की यात्रा में वॉटर विजन 2047 का ऐलान किया है। इसके जरिए जन-जन की भागीदारी से जल की मांग, पूर्ति, कुशल उपयोग और जल के संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है।

इस बात में कोई दो राय नहीं है कि जल सिर्फ जीवन ही नहीं, विकास की धारा भी है। केंद्र सरकार ने भी इसी मंत्र को समझा है और वाटर गवर्नेंस की अपनी नीतियों और निर्णयों में प्राथमिकता दी है। जल संसाधनों के विकास के लिए जल शक्ति मंत्रालय का गठन किया। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, हर खेत को पानी, 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' अभियान, नमामि गंगे मिशन, जल जीवन मिशन और अटल भूजल योजना, 'कैच द रेनः जहां भी, जब भी संभव हो वर्षा का जल संग्रह करें' जैसे कई अभियानों की शुरुआत की है जिससे जल की अहमियत को जनता तक पहुंचाया जा सके।भारत सरकार का जलशक्ति मंत्रालय अब वॉटर विजन-2047 के लिए काम कर रहा है। इसका जिक्र सबसे पहले अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन में किया गया था, जिसका उद्देश्य है कि आगामी 25 वर्षों तक भारत के लिए जल के विजन पर विचार विमर्श किया जाए।

आंकड़ों के अनुसार औसत वार्षिक प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता वर्ष 2001 में 1816 घन मीटर और 2011 में 1545 घन मीटर थी। रिपोर्ट के अनुसार अगर वार्षिक प्रति व्यक्ति जल



की उपलब्धता 1700 घन मीटर से कम है तो इसे जल की कमी की स्थिति माना जाता है। अगर ये स्थिति एक हजार घन मीटर से कम है तो इसे जल की अत्यधिक कमी की स्थिति में शामिल किया जाता है। वहीं नीति आयोग की जल उपलब्धता पर आई एक रिपोर्ट के आंकड़े काफी परेशान करने वाले है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2050 में भारत में प्रति व्यक्ति जल उपलब्धता 1140 घन मीटर तक पहुंचने का अनुमान रह सकता है। माना जा रहा है कि वर्ष 2047 तक देश में पानी की मांग पानी की उपलब्धता से कहीं अधिक हो सकती है।

# नोटों की गड्डियां मिट्टी हो गईं!





**उदयपुर,12 फरवरी।** कई बार ग्राहक बैंक में लॉकर लेकर उसमें अपना पैसा या कुछ अन्य चीजें रख देते हैं। इसी लॉकर से कभी कभी चौंकाने वाली खबरें आ जाती हैं। कुछ इसी तरह की एक खबर राजस्थान के उदयपुर से सामने आई है। यहां के पंजाब नेशनल बैंक शाखा के एक लॉकर में एक महिला ने लाखों रुपए रखे हुए थे और जब वह उसे खोलने पहुंची तो वे सभी मिट्टी में बदल गए। दरअसल, यह घटना राजस्थान के उदयपुर की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक यहां के महेश नामक एक शख्स की पत्नी सुनीता ने अपने नाम से पंजाब नेशनल बैंक में लॉकर लिया था। जानकारी के मुताबिक महिला ने लॉकर में 2.15 लाख रुपए रखे हुए थे। पिछले साल मई माह में लॉकर को खुलवा कर देखा था तब तक तो नोट पूरी तरह सुरक्षित थे। इसके बाद वह महिला हाल ही में जब बैंक गई तो वह भौचक्की रह गई। हाल ही में वह महिला अपने बैंक लॉकर को चेक करने गई तो वहां नोटों की गड्डी की बजाय मिट्टी का ढेर मिला. बताया गया कि महिला ने गुरुवार को लॉकर खुलवाया था। उसे वहां नोटों की गड्?डी मिट्टी के पाउडर की तरह हो चुकी थी। ऐसी आशंका है कि नोटों के बंडल को दमक चाट गए हैं। पीड़िता का आरोप है कि बैंक मैनेजमेंट ने पेस्ट कंट्रोल नहीं करवाया, इसलिए कैश का नुकसान हुआ है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक इस पूरे मामले पर बैंक शाखा की तरफ से बयान सामने आया है। सीनियर मैनेजर प्रवीण कुमार का कहना है कि ग्राहक के नुकसान की जानकारी उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। ग्राहक को वापस बुलाया है ताकि समस्या का समाधान किया जा सके. बताया जा रहा है कि बैंक में सीलन और दीमक की परेशानी है, शायद इसी वजह से यह स्थिति पैदा हुई है। इसकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आई हैं।

### इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में मिला छात्रा का शव

**बिलासपुर,12 फरवरी।** कोनी थाना क्षेत्र में गवर्मेंट इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में पुलिस को एक छात्रा का शव मिला. जिसकी पहचान कोरबा निवासी स्वाति साहू के रूप में हुई. मृतिका इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक की छात्रा थी. 2 दिन पहले थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई थी. शनिवार शाम उसकी लाश पेड़ पर लटकती हुई मिली है. मामले में मृतिका के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है. वहीं कोनी पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। आप को बता दे की कोरबा निवासी मृतिका स्वाति साहू कोनी इंजीनियरिंग कॉलेज के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। दो दिन पहले जब वह हॉस्टल नहीं लौटी, तो उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट कोनी थाने दर्ज कराई गई थी. पुलिस उसके मोबाइल लोकेशन के आधार पर छात्रा की तलाश कर रही थी. इसी बीच शनिवार शाम पुलिस को सूचना मिली कि इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में पानी टंकी के पास डेड बॉडी पेड़ से लटकी है.

# छग को रक्तरंजित करने का षड़यंत्र कर रही सरकार : साव




**रायपुर,12 फरवरी।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने प्रेस वार्ता कर भाजपा नेता की हत्या मामले में सरकार को जमकर घेरा. अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ को रक्त रंजित करने का षड्यंत्र कर रही है. हमारे 4 कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है.

अरुण साव ने कहा कि कार्यकर्ताओं की रेकी की गई और निर्ममता से की हत्या गई. एक कार्यकर्ता को नक्सलियों ने घर में घुसकर गोली मारी. ये टारगेट किलिंग है, कांग्रेस का षड्यंत्र है. कांग्रेस की जमीन खिसक रही है. साव ने कहा कि बीजेपी की सक्रियता बढ़ रही है, इसलिए कांग्रेस ऐसा कर रही है. बीजेपी के राज में बस्तर में अमन चैन स्थापित हुआ था. हम अपने 4 साथियों की हत्या से दुःखी हैं. पूरी ताकत से इसका विरोध करेंगे. अरुण साव ने आगे कहा कि राज्य की सरकार लोगों को सुरक्षा देने में फेल है. पदाधिकारियों को सुरक्षा देने में कमी की जा रही है. आगे आंदोलन करेंगे, पूरी ताकत से लड़ाई करेंगे. षड्यंत्रकारियों के मंसूबे सफल नहीं होने देंगे. आज सभी जिलों में मशाल जुलूस बीजेपी निकालेगी.

साव ने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ताओं को डराने के लिए इस प्रकार का काम कर रहे हैं. हम राजनीति नहीं कर रहे, हमने तथ्य रखे हैं. एक महीने में 4 कार्यकर्ताओं की हत्या हुई है. राज्य सरकार इस घटना की जांच कराए. उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश से जांच कराए. वहीं मुख्यमंत्री के ट्वीट को लेकर अरुण साव ने कहा कि राज्यपाल का पद संवैधानिक है. राजभवन स्वतंत्र रूप से काम करने वाली एक संस्थान हैं. मुख्यमंत्री को ये समझना चाहिए.

## फुटबाल: इंडियन सुपर लीग-2022-23, प्लेऑफ सेमीफायनल, फायनल 3 मार्च से 18 मार्च तक

# जीवंत प्रसारण ने दी भारतीय खेल जगत को नई दिशा

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

हमारे देश में करीब 40 वर्ष टेलीविजन द्वारा खेल स्पर्धाओं के जीवंत प्रसारण की परंपरा आरंभ हुई है। भारत में 1982 के एशियाई खेलों के दौरान रंगीन टेलीविजन से प्रसारण आरंभ हुआ। 1928 से 1976 तक ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में हाकी की बादशाहत फिर 1948 से 1970 तक भारतीय फुटबाल के स्वर्णयुग का दौर समाप्त हुआ। इस दौरान भारत के महिला व पुरुष वर्ग के मिल्खा सिंह, पीटी ऊषा आदि गिने-चुने प्रतिभागियों के कारण हमारे देश के खेल परिदृश्य में शून्यता नहीं आई। लेकिन 1983 में कपिल के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम के विश्व विजेता बनते ही देश के माहौल में तीन प्रमुख क्रांतिकारी परिवर्तन आये। क्रिकेट के सिरमौर बनते ही यह खेल अचानक ही भारत के बच्चों, किशोरों, युवाओं का पहली पसंद बन गई, इसके अलावा रंगीन टेलीविजन के माध्यम से क्रिकेट मैच के सीधे प्रसारण ने खेल के साथ ही उत्पादकों को विज्ञापन के द्वारा उत्पाद को घर-घर पहुंचाने में सफलता मिली। तीसरी प्रमुख घटना खिलाड़ियों की प्रसिद्धि बढ़ी और उनके लिए खेल के माध्यम से धन अर्जित करने का मार्ग खुल गया। क्रिकेट के तीनों प्रारूप टेस्ट मैच, एक दिवसीय या टी-20 में मुकाबले के दौरान इतना खाली समय मिल जाता है जिसका उपयोग मीडिया राइट्स लेने वाले मानव जीवन के लिए उपयोगी विभिन्न वस्तुओं के विज्ञापन से करते हैं। 21वीं सदी के आते-आते भारत में क्रिकेट मैच के सीधे प्रसारण ने दुनियाभर के उद्योगपतियों, व्यवसायियों को अकूत धन अर्जित करने का अवसर प्रदान कर दिया। आज की परिस्थिति में भारत में खेल के साथ टेलीविजन से जीवंत प्रसारण वास्तव में एक उद्योग, व्यापार बन गया है। 2008 में भारत में विदेशी क्लब पैटर्न से क्रिकेट की इंडियन प्रीमियर लीग की शुरुआत हुई। उसकी सफलता ने क्रिकेट और मजबूत आर्थिक स्थिति की जोड़ी बना दी।



आधुनिक काल के 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध से हमारे देश में फुटबाल, व्हालीबाल, बाद में कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, हाकी आदि खेल गांव-गांव के खेल बन गये। परंतु आज क्रिकेट की जड़ उनसे मजबूत हो गई है। इस बात को ध्यान में रखे हुए कबड्डी, फुटबाल, व्हालीबाल, बास्केटबाल, बैडमिंटन, हाकी, टेनिस आदि खेलों के प्रशंसकों, औद्योगिक घरानों, कार्पोरेट जगत ने भारत में इन खेलों की स्पर्धाएं आयोजित कर टेलीविजन से प्रसारण के लिए पैसों का दांव लगाया। इसमें कुछ तो सफल हुए कुछ असफल परंतु इससे खेल जन-जन तक पहुंचा तथा खिलाड़ियों, निर्णायकों, सहयोग सदस्यों का जीवन स्तर सुधर गया। क्रिकेट के पश्चात कबड्डी की प्रो-कबड्डी लीग की शुरुआत 20 मई 2014 से फिर फुटबाल की इंडियन सुपर लीग 12 अक्टूबर 2014 से आरंभ हुई। क्रिकेट के आईपीएल के साथ ही साथ तीनों प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है। इस तरह हमारे देश में खेलों को लोकप्रिय बनाने के साथ-साथ खेल से जुड़े समस्त लोगों के जीवनस्तर को ऊपर उठाने की प्रक्रिया जारी है। टेलीविजन के माध्यम से क्रिकेट के जीवंत प्रसारण को देखने वालों की संख्या भले ही जयादा हो लेकिन कबड्डी व फुटबाल के चाहने वालों की कोई कमी नहीं है। फुटबाल की इंडियन सुपर लीग जो 7 अक्टूबर 2022 को आरंभ हुई उसके प्ले आफ, सेमीफायनल, फायनल का दौर 3 मार्च 2023 से आरंभ होगा तथा 18 मार्च को फायनल खेला जाएगा। क्रिकेट के मुकाबले प्रिंट, इलेक्ट्रानिक मीडिया में फुटबाल, कबड्डी को कम कवरेज दिया जाता है। इस ओर अगर मीडिया जगत के कर्णधार ध्यान देंगे तो भारत में खेल का ही भला होगा। देखने में यह भी आ रहा है कि चाहे चर्चा फुटबाल की करें या कबड्डी के विभिन्न मीडिया समूह दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक अंकों में इन खेलों के परिणाम ही नहीं मैच की तिथि तक को प्रचारित नहीं किया जाता है। यह चिंता का विषय है।

# बजरंगबली को नोटिस जारी कर रेलवे ने कार्रवाई की दी चेतावनी

**भोपाल,12 फरवरी।** मध्यप्रदेश के मुरैना में इंडियन रेलवे ने अजब नोटिस जारी किया है। रेलवे ने मंदिर में विराजमान भगवान बजरंग बली को नोटिस जारी कर दिया। सबसे हैरत की बात यह है कि रेलवे ने इस नोटिस में बजरंग बली को ही अतिक्रमणकारी बताते हुए सात दिन में अतिक्रमण हटाने को भी कहा है। साथ ही रेलवे की तरफ से यह भी चेतावनी दी गई है कि अतिक्रमण न हटाने पर रेलवे जबरन कार्रवाई करेगा और जेसीबी आदि के खर्च की वसूली बजरंग बली से होगी। बता दें, इस समय ग्वालियर- श्योपुर ब्रॉडगेज लाइन का काम चल रहा है। मुरैना जिले की सबलगढ़ तहसील में हनुमान जी का मंदिर ब्रॉडगेज लाइन के बीच में आ रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि यह मंदिर रेलवे की जमीन है इसलिए भारतीय रेलवे ने बजरंगबली को ही नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस को मंदिर पर भी पंहुचा दिया गया है। इस नोटिस में भगवान हनुमान जी को अतिक्रमण बताते हुए लिखा है कि आपने रेलवे की जमीन पर में मकान बनाकर अतिक्रमण किया है, 7 दिन के अंदर इसे हटा लें वरना आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। नोटिस में लिखा है कि इस नोटिस के मिलने के 7 दिन के अंदर रेलवे भूमि पर किया गया अतिक्रमण हटाकर रेलवे भूमि को खाली करें अन्यथा आपके द्वारा किए गए अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा हटाने की कार्रवाई की जाएगी, जिसका हर्ज एवं खर्च की जिम्मेदारी स्वयं आपकी ( भगवान बजरंग बली की) होगी। बजरंग बली को दिए गए इस नोटिस की प्रति सहायक मंडल अभियंता ग्वालियर और जीआरपी थाना प्रभारी ग्वालियर को भी भेजी गई है। नोटिस सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

## एक नजर

### पूर्व विधायक अशोक साहू ने वनांचल क्षेत्र में ग्रामवासियों को किया कम्बल वितरण



कवर्धा, 12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) । पूर्व विधायक अशोक साहू ने कवर्धा विधानसभा के बोडला ब्लाक के वनांचल छेत्र में कम्बल वितरण किया । ग्राम वासी द्वारा पूर्व विधायक अशोक साहू का किया स्वागत और ग्राम वासी ने रमन सरकार को किया याद और पूर्व विधायक अशोक साहू ने बताया की छेत्र में किसी प्रकार का विकास कार्य नही होने के कारण ग्राम वासी द्वारा छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश दिखा और ग्राम वासी द्वारा केंद्र के मोदी सरकार के काम से भारी खुशी जाहिर किया । कम्बल वितरण कार्यक्रम के दौरान - विदेशी राम धुर्वे,रूपनाथ मानिकपुरी,काशी राम, बजरहा पटेल,संदीप गुप्ता,बड़कू, विवेकानंद वर्मा उपस्थित रहे ।

### नशे के विरुद्ध चलाये गये अभियान में 3 आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 12 फरवरी।** नशे के विरूद्ध चलाये गये अभियान में 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिनसे 9600 नग नशीली दवाइयां, स्विफ्ट कार बुलेट मोटरसाइकिल एवं मोबाईल जप्त हुआ है। इनमें एक आरोपी ने अपने आप को वेटनरी डाक्टर होना बताया है । ये लोग कुरियर के माध्यम से नशीली दवाइयां मंगाये थे। ज्ञात हो कि अवैध मादक पदार्थों के विक्रय पर कार्यवाही हेतु एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव के मार्गदर्शन में पतासाजी की जा रही थी कि हुआ कि मोनू सरदार उर्फ विजय गिल जो सेक्टर-7 में रहता है, नशीली दवाइयों की बिक्री करता है। भिलाई नगर पुलिस द्वारा मोनू सरदार की गतिविधियों पर निगाह रखी जा रही थी । शनिवार को विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ कि सेक्टर-7 ओव्हर ब्रिज के गार्डन के पास एक कार एवं बुलेट मोटर सायकल में कुछ लड़के नशीली दवाइयों को बेचने के लिये ग्राहक की तलाश कर रहे हैं एवं जल्दी ही दवाइयों की अफरा-तफरी की जा सकती है । पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार के अंदर बैठे 03 लड़कों को पकड़ा। मोनू सरदार, अंकुश कुमार एवं शैलेष शर्मा की तलाशी लिये जाने पर मोनू सरदार उर्फ विजय गिल के कब्जे से एक सफेद रंग के थैला के अंदर भूरे रंग के कार्टून में 11 पैकेट व बाहर खुला हुआ 09 पैकेट कुल 2400 नग स्पास दांकेन प्लस नशीली कैप्सूल, एक बुलेट मोटर सायकल, नगदी 16300/- रूपये एवं एक सैमसंग कंपनी का मोबाइल फोन, अंकुश कुमार के कब्जे से एक भूरे रंग के कार्टून के अंदर 25 पैकेट कुल 3600 नग स्पास टांकेन प्लस नशीली कैप्सूल, एक मारुति स्विफ्ट कार कमांक सीजी-07/बीपी-4734, एक रियल मी कंपनी का मोबाइल फोन एवं नकदी 1100 रुपये तथा शैलेष शर्मा के कब्जे से एक भूरे रंग के कार्टून के अंदर 25 पैकेट स्पास ट्रांकेन प्लस नशीली कैप्सूल कुल 3600 नग, सैमसंग कंपनी का कीपैड मोबाइल एवं नकदी 1520/- रुपये जब्त कर आरोपियों को धारा 22 नारकोटिक्स एक्ट के अन्तर्गत गिरफ्तार किया गया।

### नेहरू आर्ट गैलरी में निधी जैन की चित्रकला प्रदर्शनी 13 को

**भिलाई, 12 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा सिविक सेंटर, इंदिरा प्लेस में स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में 12 फरवरी को इस्पात नगरी के सुश्री निधी जैन द्वारा निर्मित एकल चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी 12 से 13 फरवरी 2023 तक प्रतिदिन 5.30 से रात्रि 8.30 तक आमजनों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद को करना है आत्मसात:विजय बघेल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 फरवरी।** दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल निवास सेक्टर 5 भिलाई में एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय तेल चित्र पर माल्यार्पण कर इस दिवस को समर्पण दिवस के रूप में उनकी पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि हम सब उनके अनुयायी हैं। पूरा देश उनके मार्गदर्शन में चल रहा है। आज ही के दिन 11 फरवरी को उनका दुखद निधन हुआ था। उनके बताए हुए रास्ते पर चलते हुए हमारा देश निरंतर प्रगति कर रहा है। हमारे महापुरुषों ने पूरी जीवन और जवानी खोकर देश में एक मानववाद का अलख जगाया।

आज उन्हीं के परिवार के रूप में भारतीय जनता पार्टी के लगभग 17 करोड़ लोग भाजपा के सदस्य हैं जो ऊंचाई उन्होंने जो संकल्प उन्होंने लिया था देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बेहतर कार्य कर रहे हैं। हम संकल्प लेते हैं कि भारत को अखंड बनाए रखेंगे। इस अवसर पर भिलाई जिला भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, प्रमोद सिंह, शंकर लाल देवांगन, शारदा गुप्ता, रमेश श्रीवास्तव, दीपक रावना, लक्ष्मी कांत तिवारी, निशु पांडेय, मंयक गुप्ता, रोहन सिंह, विनोद उपाध्याय, बंटी नाहर, पप्पू चन्द्राकार, राजेश सिंह, नासिर भाई, प्रकाश सांवत, राजा ठाकुर, गोपाल कृष्ण वर्मा, मनोज गुप्ता, ब्रदी प्रसाद सिंह, महेश वर्मा, मदन सेन, शिवा साहू, शिबू महमूद, अहमद खान, जहांगीर हुसैन, अनिल शर्मा, अब्दुल वाहिद, गुरमीत सिंह, अब्दुल इसराइल, उमाशंकर, संतोष सोनी, हरिश्चंद्र भारती, राजेश केसरवानी उपस्थित थे।

सौजन्य मुलाकात



**जामुल।** नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष एवं पार्षद रेखराम बंछोर ने गत दिवस दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें जामुल की समस्याओं एवं संगठन की मजबूती से अवगत कराया।

### वर्ष के प्रथम नेशनल लोक अदालत में कुल 16090 प्रकरण हुए निराकृत

**दुर्ग 12 फरवरी ।** जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। दुर्ग जिले में जिला न्यायालय दुर्ग, व्यवहार न्यायालय भिलाई-3 एवं व्यवहार न्यायालय पाटन तथा किशोर न्याय बोर्ड, श्रम न्यायालय व स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाऐं) दुर्ग में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया।नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ मॉ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवल कर प्रातः 10:30 बजे किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री नरेन्द्र सिंह चावला, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश श्री संजीव कुमार तामक, एवं समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहे ।नेशनल लोक अदालत हेतु कुल 33 खण्डपीठ का गठन किया गया ।

## घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**भिलाई, 12 फरवरी।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र आदर्श नगर चरोदा वार्ड- 23 निवासी रवि शंकर पांडे के घर में सेंधमारी हो गई वह परिवार के साथ अपनी बेटी के घर मिलने के लिए ये चोर ने ताला बेड़कर लाखों रुपए के सोने एवं चांदी के जेवरात पार कर दिया पुलिस ने धारा 380,450 के तहत जुर्म दर्ज किया है भिलाई - 3 टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि रवि शंकर पांडे ने घर में ताला लगाकर परिवार के साथ बेटी के घर अमलेश्वर।

### दो सहेलियां सही सलामत रतलाम में मिलीं

**भिलाई, 12 फरवरी।** खुर्सीपार थाना अंतर्गत गत दिनों लापता दो सहेलियों को खुर्सीपार पुलिस ने रतलाम (म.प्र ) से सही सलामत ढूंढ निकाला खुर्सीपार टीआई ने बताया कि 6 फरवरी की शाम को एक ही मोहल्ले की रहने वाली दोनों सहेलियां घर से बिना बताए कहीं चली गई थी परिजनों की शिकायत पर मामले में धारा 363 के तहत मामला दर्ज किया गया विवेचना के दौरान लोकेशन के आधार पर दोनों को रतलाम (म.प्र ) से बरामद किया है।

## राजभर महासभा के प्रादेशिक सम्मेलन में जुटे देश भर के लोग

**भिलाई, 12 फरवरी।** महाराजा सुहेलदेव की 1014 वीं जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभर महासभा का सम्मेलन पिछले दिनों सेक्टर-2 इस्पात क्लब में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ । इस सम्मेलन में देशभर के सामाजिक लोग जुटे और राजभर एकता का संकल्प लिया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर के अनुरोध पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भिलाई नगर निगम के महापौर नीरज पाल ने महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा स्थापना के लिए घोषणा करते हुए कहा कि उपयुक्त स्थल देखकर प्रतिमा स्थापना का काम शीघ्र किया जायेगा, साथ ही समाज के भवन के लिए भूखंड के लिए भी प्रस्ताव एमआईसी से पास करके राज्य शासन को भेजा जायेगा। महापौर ने कहा कि राजभर समाज जागरूक और विकासशील समाज है। वे इसकी मदद के लिए हर वक़्त खड़े रहेंगे। उत्तर प्रदेश के घोसी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद



चन्द्रदेव प्रसाद राजभर ने अपने संबोधन में कहा कि राजभर समाज का स्वर्णिम इतिहास है, इस समाज ने अपनी कठोर मेहनत के बल पर मुकाम हासिल किया है । हमें इसे और बढ़ाना है। समाजसेवी और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र यादव ने कहा कि हम सभी मिलकर इस समाज को आगे ले जाने के लिए तत्पर रहेंगे। उन्होंने अपनी ओर से समाज को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। उत्तर प्रदेश घोसी के पूर्व विधायक विजय राजभर ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में राजभर समाज कि इतनी बड़ी जनसंख्या देखकर उन्हें बड़ी खुशी हुई। यह समाज देश-प्रदेश के विकास में अपना सहभागी निभा रहा है। सम्मेलन के अध्यक्ष शिव प्रसाद सिंह राजभर (राजगुरु) ने समाज के लोगों का आह्वान किया कि वे सामाजिक एकजुटता के लिए त्याग की भावना से आगे आएं और शिक्षा की मशाल जलाएं तथा अपना तन-मन समर्पित कर दें, जिससे समाज नित नयी ऊंचाइयों को छूता रहे। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया और बच्चों को पुरस्कृत किया गया। सम्मेलन के दूसरे सत्र में सामाजिक युवक-युवतियों का परिचय सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजभर समाज के लिए हर वक़्त खड़े रहने वाले सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं पत्रकार शिवनाथ शुक्ल जी का शॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस दौरान मुम्बई के विशेष लोकगीत गायक कमलेश राजभर ने अपना रंगारंग कार्यक्रम पेश किया। इस अवसर पर विशिष्ठ अतिथि हनुमान राजभर, सुभाष राजभर, कठेश्वर राजभर खास तौर पर उपस्थित होकर अपनी विचार रखे। छत्तीसगढ़ राजभर महासभा के अध्यक्ष नरसिंह राजभर ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया एवं महासचिव सुरेश राज ने आभार प्रदर्शित किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष बी. एल राजभर, सूर्या राज, मुख्य सलाहकार डी. डी. प्रसाद, तूफानी राजभर, राम राजभर, राधेश्याम भारद्वाज, अनिल प्रसाद, बबलू भारद्वाज, रोशनलाल राजभर, अमृत राजभर, सुनील राजभर, अनिल राजभर,वरुण राजभर, शिवनारायण भारद्वाज, संतोष राजभर, राजेश राज सहित बड़ी संख्या में संख्या में समाज के लोग उपस्थित थें।

## सेट सेल में हाइड्रोलिक्स से जुड़े अनुभव एवं ज्ञान पर हुई परिचर्चा



**भिलाई, 12 फरवरी।** सेट सेल भिलाई उपकेंद्र द्वारा विगत 10 फरवरी को हाइड्रोलिक्स से जुड़े अनुभव एवं ज्ञान विषय पर परिचर्चा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) एम एम गद्रे भिलाई इस्पात संयंत्र थे और जगदीश अरोरा अधिशासी निदेशक सेट अति विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि एवं अति विशिष्ट अतिथि का स्वागत प्रणय कुमार, महाप्रबंधक ने किया। परिचर्चा की शुरुआत में अनुराग उपाध्याय मुख्य महाप्रबंधक सेट भिलाई उपकेंद्र ने अभियंताओं के लिए विषय की उपयोगिता पर प्रकाश डाला और सभी से इसका लाभ लेने का अनुरोध किया। जगदीश अरोरा ई डी, सेट ने अपने उदबोधन में सेल में हाइड्रोलिक्स, पाइपिंग और इस्पात उत्पादन में उसकी महता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि गद्रे ने इस विषय में अपने कार्य के बल पर एक महारत हासिल की है जो अनुकरणीय है और हम सभी को आज उनके इस ज्ञान से लाभान्वित होने का अवसर मिला है। अपने उद्बोधन में ई डी, गद्रे ने सर्वप्रथम प्लेट मिल डिस्केलिंग के क्षेत्र में आई दिक्कतों एवं उनके समाधान हेतु उठाए गए कदमों की जानकारी दी। तत्पश्चात उन्होंने यू आर एम के निर्माण एवं बारिश की वजह से आई परेशानियों को सुलझाने हेतु लिए गए उपायों को समझाया। उन्होंने सिंटर प्लांट में सील तथा वाल्व तथा लुब्रिकेशन ऑयल की दिशा में किए सुधार के बारे में विस्तार से बताया। गद्रे ने लॉन्ग रेल के कूलिंग बेड के रिवर्सल में आ रही परेशानी और उसके समाधान और उससे हुए उत्पादन लाभ के बारे में भी विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में सेट रांची के सभी मुख्य महाप्रबंधक, सेट रांची और भिलाई के सभी अभियंता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन धीरज शाह ने किया और आभार प्रदर्शन आशीष शुक्ला ने किया।

## गंभीर चिकित्सकीय विषयों पर व्याख्यान तथा प्रस्तुतीकरण सत्र का हुआ आयोजन

भिलाई, 12 फरवरी। अखिल भारतीय स्टील मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस 2023 के तहत चिकित्सकीय क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर शनिवार को भिलाई निवास में अलग-अलग सत्र आयोजित किये गये। कॉन्फ्रेंस के इन सत्रों में चिकित्सा जगत के ख्यातिलब्ध चिकित्सकों ने शिरकत की। आयोजन समिति के सचिव डॉक्टर सुबोध साहा ने अखिल भारतीय स्टील मेडिकल ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस की उपादेयता पर प्रकाश डाला। टीक्यूएम पेपर अवार्ड सत्र में 6 वैज्ञानिक पेपर प्रस्तुत किए गए, इस सत्र की अध्यक्षता जेएलएन अस्पताल व अनुसंधान केन्द्र के पूर्व विभागाध्यक्ष (पीडियाट्रिक्स) एवं प्रतिष्ठित डॉ पी के बिस्वाल और टाटा हास्पिटल के डॉ सुधीर राय ने किया। इस सत्र में आरआईएनएल के डॉ जी शांति ने कोविड-19 संक्रमण की प्रतिक्रिया में स्वास्थ्य देखभाल गुणवत्ता सुधार में चुनौतियां- एक वीएसजीएच मॉडल विषय पर





प्रस्तुति दी। टाटा मेन हॉस्पिटल, जमशेदपुर के डॉ भूपेंद्र कुमार गुप्ता ने टाटा मुख्य अस्पताल के नियोनेटोलॉजी यूनिट में कंगारू मदर केयर की अवधि में सुधार- एक गुणात्मक सुधार अध्ययन विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। बोकारो जनरल अस्पताल, झारखंड के डॉ राजीव कुमार सिंह ने आपातकालीन स्थिति में एक लागत प्रभावी अभिनव बबल सीपैप प्रणाली-नवजात देखभाल में एक टीक्यूएम एप्लीकेशन विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। राउरकेला स्टील प्लांट के डॉ मनोरंजन सामंतराय ने घुटने की सर्जरी से नीचे के इलेक्टिव से गुजर रहे रोगियों के लिए अल्ट्रासाउंड निर्देशित संयुक्त साइटिक-फेमोरल नर्व ब्लॉक बनाम स्पाइनल एनेस्थीसिया के बीच एक संभावित तुलनात्मक अध्ययन विषय पर अपने विचार रखें। इस्को, बर्नपुर के डॉ जितेंद्र पांडे, द्वारा स्पाइनल एनेस्थेसिया में बुपीवाकाइन में डेक्समेडेटोमिडाइन मिलाकर मरीजों के आराम में सुधार और लागत में कमी- टीक्यूएम की दिशा में एक लक्ष्य पर प्रस्तुति दी। भिलाई की डॉ आकांक्षा शर्मा ने अस्पताल में संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण प्रथाओं पर गुणवत्ता प्रबंधन उपकरणों का कार्यान्वयन विषय पर अपने विचार रखें। चिकित्सकीय सत्र के पश्चात गेस्ट लेक्चर के रूप में यूनाइटेड नेशन ऑफिस के टेक्निकल एडवाइजर आन एनवायरमेन्ट एण्ड हेल्थ के डॉक्टर टी के जोशी और प्रोफेसर आफ एक्सीलेंस, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर अचल गुलाटी द्वारा ईएनटी और ऊपरी श्वसन मार्ग से संबंधित व्यावसायिक और पर्यावरण प्रदूषण पर व्याख्यान दिया गया। लघु पेपर पुरस्कार सत्र में 7 वैज्ञानिक लघु पेपर प्रस्तुत किए गए, जिसकी अध्यक्षता दुर्गापुर स्टील प्लांट के पूर्व डायरेक्टर डॉक्टर ओमेश खुराना ने की। इस सत्र में आरआईएनएल के डॉ शिल्पा पाल ने वाचाघात के साथ एक प्रसवोत्तर महिला - मोया मोया रोग पर अपनी प्रस्तुति दी। टाटा मुख्य अस्पताल, जमशेदपुर के डॉ राजेश ठाकुर ने एसिटाबुलर फ्रैक्चर वाले मरीजों में शल्य चिकित्सा उपचार के कार्यात्मक परिणाम पर अपनी प्रस्तुति दी। दुर्गापुर स्टील प्लांट के डॉ तारक नाथ महंत ने गर्भाशय ग्रीवा के एक पूर्व-घातक और घातक घावों का माइक्रोन्यूक्लियर स्कोरिंग विषय पर अपने विचार रखें।

# शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती ने धर्मसभा में किया लोगों का मार्गदर्शन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,12 फरवरी।** राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के तहत भारत भ्रमण पर गतिमान पूर्वाम्नाय गोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती जी महाराज ने आज ग्राम रणवीरपुर में द्वारा विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने लगभग 15 हजार से अधिक की संख्या में प्रदेश के कोने-कोने से धर्मप्रेमी, श्रद्धालु एवं भक्तजनों को अपने आशीर्वचन से संबोधित कर मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रातः 11 बजे स्कूल ग्राउंड, बाजार चौक रणवीरपुर में सुन्दरकाण्ड पाठ के साथ कार्यक्रम का भव्य शुभारम्भ हुआ तत्पश्चात उन्होंने धर्मसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की आयोजक एवं भावना समाज सेवी संस्थान की संस्थापिका भावना बोहरा द्वारा संचालित निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का शुभारम्भ भी किया और जनसेवा के प्रति उनके द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। समायोजक आदित्यवाहिनी-आनंदवाहिनी, जिला कबीरधाम एवं समस्त धर्म प्रेमी, ग्रामवासी तथा क्षेत्रवासियों के विशेष सहयोग से यह आयोजन किया गया है। इस अवसर पर राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी धर्मसभा में शामिल होकर शंकराचार्य जी के आशीर्वचन का श्रवण किया। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म के ध्वज वाहक शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती जी महाराज के नेतृत्व में हमारे देश में हिन्दू संस्कृति,सभ्यता एवं उसके गौरवशाली इतिहास जन-जन तक पहुँच रहा है। सनातन धर्म के मूल तत्व सत्य, अहिंसा, दया, क्षमा, दान, जप, तप, यम-नियम आदि हैं जिनका शाश्वत महत्व है। अनादिकाल से चली आ रही हमारी





परंपरा और सभ्यता ही हमारी पहचान है और हमारी आने वाली पीढ़ी को उसके प्रति जागृत करने हेतु गुरुदेव जी द्वारा राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के तहत जनजागरूकता लाने का जो प्रयास किया जा रहा है वह हमारे लिए अनुकरणीय है और हमें जीवन पथ में सदैव मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे।कार्यक्रम की आयोजक भावना बोहरा ने स्वागत सन्देश में सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जहाँ संत समागम होता है वह जगह अपने आप में पवित्र हो जाता है और जहाँ साक्षात् शंकराचार्य भगवान जी का पदार्पण हो रहा है यह हम सभी सनातनियों के लिए परम सौभग्य की बात है। हम गुरुदेव के आभारी हैं की उनके द्वारा देश विदेश में भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म के गौरवशाली इतिहास, अखंड भारत के उद्देश्य को जन-जन में जागरूकता फ़ैलाने का अनुकरणीय कार्य कर रहें हैं। अपने अशिर्वाचानों से उन्होंने जिस प्रकार सनातन धर्म की महिमा और हिन्दू धर्म की व्याख्या की है वह हमें आजीवन प्रेरणा प्रदान करता रहेगा। हम सभी राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के साथ अधिक से अधिक जुड़कर सनातन धर्म के प्रचार में अपनी सहभागिता निभाते हुए हिन्दू राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। मैं बहुत ही अभिभूत हूँ कि आज शंकराचार्य जी का आगमन हमारे ग्राम रणवीरपुर में हुआ है उनके आगमन से सभी में एक नई उर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने शंकराचार्य जी के दर्शन हेतु कबीरधाम जिले सहित प्रदेश के कोने-कोने से पधारे सभी धर्मप्रेमी, भक्तजन का स्वागत कर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पधारे महंत श्री राजीव लोचन दास जी महाराज एवं संत श्री बालक दास जी महाराज ने भी धर्मसभा को संबोधित करते हुए सनातन धर्म की रक्षा हेतु अपने विचार रखे और शंकराचार्य जी के दर्शन लाभ लिया। शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती जी ने आध्यात्म और राष्ट्रीयता का सन्देश देते हुए श्रीमद्भागवत गीता के अध्यायों का वर्णन करते हुए मनुष्य को इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि मानव जीवन भोगने के लिए नहीं मिला अपितु अच्छे कर्म करते हुए भक्ति अथवा ज्ञान मार्ग के द्वारा स्वयं को जानने के लिए प्राप्त हुआ है। जिसका जन्म हुआ है उसका मरण भी निश्चित है, किन्तु हम मोक्ष प्राप्त कर इस चक्र से छुटकारा पा सकते हैं। इसके लिए मनुष्य को स्वयं को शरीर नहीं बल्कि खुद को आत्मस्वरूप में पहचानना चाहिए। सृष्टि परमात्मा में मन लगाने के लिए है। जब तक सृष्टि में मन समाहित नहीं होता तब तक जीव कल्याण संभव नहीं। उन्होंने भगवान के अस्तित्व को चुनौती देने वालों को बताया कि विश्व में जल नहीं होता तो प्यास नहीं लगता, भोजन नहीं होता भूख नहीं लगती। इसी प्रकार मृत्यु न होती तो सच्चिदानंद नहीं होते जो नश्वरता से परे हैं। धर्मपरिवर्तन मामले को लेकर कहा कि हिदू धर्म के पिछड़े हुए लोगों को गुमराह करके उनका धर्मान्तरण किया जा रहा है। लेकिन वहां जाने के बाद भी वे लोग पिछडे हुए ही है। तो उनका धर्म परिवर्तन कराने से क्या लाभ मिला। उन्होंने कहा है कि देश की युवा पीढ़ी और पत्रकार अखंड भारत के निर्माण में बड़ी जिम्मेदारी निभा सकते हैं। सनातन धर्म , दर्शन, ज्ञान, विज्ञान से भोग की प्राप्ति नहीं होगी यह भ्रम युवा पीढ़ी में गलत घर कर गया है। धर्म सदैव सर्व जन हिताय सर्व जन सुखाय की ही प्रेरणा देता है, जिसमें सभी प्राणी मात्र का कल्याण छुपा होता है। इसी सर्वजन हिताय धर्म का पालन करते हुए ही भारत अखंड हिंदू राष्ट्र बनेगा। देश के सुप्रसिद्ध गुरुकुलों को नष्ट कर सनातन शिक्षा पद्धति पर कुठाराघात किया गया है। लगातार ब्राह्मण को पथभ्रष्ट करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने वेदों तथा ऋषि मुनियों की रचनाओं के प्रचार प्रसार तथा स्कूली शिक्षा में वैदिक व नीति शास्त्र की शिक्षा को अनिवार्य करने की आवश्यकता बताई। शंकराचार्य जी ने कहा कि श्रृष्टि का निर्माण क्षिति ,जल, पावक, गगन, समीर से बताया तथा ये पांचों अलग अलग गुणों से एक दूसरे से बंधे हैं। उन्होंने कहा कि ईश्वर द्वारा सर्वहित के लिए ही श्रृष्टि की संरचना की है। जब मानव सर्वहित के उद्देश्य से भटक कर कार्य करते हैं तभी पर्यावरण असंतुलित होता है इसलिए हमें अपने मन से लोभ की लालसा को मिटाकर सभी के हित में सोचने व कार्य करने की जरुरत है। उनके उद्बोधन के दौरान हम भारत भव्य बनाएंगे, हम हिन्दू राष्ट्र बनाएंगे के नारे से पूरा कबीरधाम जिला गुंजायमान हो गया। शंकराचार्य जी ने कहा कि हिंदू समाज के कमजोर होने से देश कमजोर होगा। हिंदुओं का सशक्त होना संसार के हित में हैं। उन्होंने कहा कि यदि हम अपने गौरव को फिर से स्थापित कर रहे हैं तो क्या गलत हैं। हमारी परंपराओं और हमारे देवताओं को अपमानित करने वालों को करारा जवाब मिलेगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म और वैदिक संस्कृति संसार के उदगम के साथ ही शुरू हो गई थी।



**भिलाई, 12 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल व अनुसंधान केन्द्र सेक्टर-9 के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजीव पाल को पदोन्नत कर मुख्य महाप्रबंधक बनाये जाने पर उनका सम्मान किया गया।

### मां

इस प्यारी सी दुनिया में जो हमें लाती है, जो हमें सही-गलत के बारे में बताती है, जो हमें सीख देती है, की हमें लोगों से कैसे बात करनी हैं, कैसे हमेशा सत्य की राह पर चलना है, जो हमें आदि गुणों से संवारती है वो मां हैं। मां , एक ऐसा शब्द है जिसे लेने से ही मन को सुकून मिलता है, एक ऐसा ऐहसास होता है जो हमें अपने आप से मिलाता हैं । मां की अनेक रूप हैं,सबसे पहले वो इस दुनिया में एक बेटी बन कर आती है,फिर पत्नी,बहु और फिर ऐसी अलौकिक शक्ति बन जाती है जिसे मां कहते हैं, लेकिन इतनी सारी गुण होने के बावजूद भी उन्हें इस दुनियां में वो सम्मान और अधिकार नहीं मिलती है , जो उसे मिलना चाहिए। इसी भेदभाव , लिंगवाद को मिटाने के लिए और नागरिको को जागरूक करने के लिए महिला दिवस,हर वर्ष 13 फरवरी को सरोजनी नायडू के जयंती के उपलक्ष में मनाया जाता हैं। ÷महिला दिवस मनाने का एक ही उद्देश्य है। इस दिन महिलाएं समाज में, राजनीति में और अन्य क्षेत्रों में कहां तक पहुंची है और समाज में महिलाओं के प्रति जागरूकता के लिए, उन्हें सम्मान देने के लिए मनाया जाता हैं।

**गीता वर्मा**

एक नजर

## जैन संवेदना ट्रस्ट ने 11 बुजुर्गों व बच्चों को दिये श्रवण यंत्र



**रायपुर 12 फरवरी।** जैन संवेदना ट्रस्ट ने उव्वसग्गहरं पार्श्व तीर्थ नगपुरा , भखारा , नयापारा राजिम , रायपुर में 11 दिव्यांगों को श्रवण यन्त्र वितरित किये । पार्श्व तीर्थ नगपुरा के अध्यक्ष गजराज पगारिया ने इस अवसर पर कहा कि मानवता की सेवा जीवन का सर्वोत्तम कार्य है । जीवन भर सुनने के बाद जब बुढ़ापे में कम सुनाई देने लगता है तो बड़ी समस्या पैदा हो जाती है । इस वक्त श्रवण यन्त्र ही बड़ा सहारा होता है । जैन संवेदना ट्रस्ट के महेन्द्र कोचर व विजय चोपड़ा ने बताया कि बुढ़ापे में सुनाई नही देना बड़ी समस्या है , ग्रामीण इलाकों में कान की जांच व श्रवण यन्त्र की सुविधा उपलब्ध कराना हमारा दायित्व है । नगपुरा तीर्थ के संतोष यादव द्वारा प्रयास कर 3 बुजुर्गों की जांच करवा कर श्रवण यन्त्र का वितरण किया गया । ट्रस्ट के महावीर कोचर ने बताया कि 3 बच्चों में कु नीरजा को जन्म से सुनाई नही देता था , डॉक्टरों ने जांच कर बताया कि श्रवण यन्त्र लगाकर नीरजा सुन सकती है । आज श्रवण यन्त्र लगाकर तीनों बच्चे सुनने लगे हैं । सभी के माता पिता प्रफुल्लित होकर जैन समाज का आभार जताया है । इस अवसर पर तीर्थ के मैनेजिंग ट्रस्टी पुखराज दुग्गड़ सुरेश बाघमार पन्नालाल गोलेछा संतोष यादव उपास्थित थे।

## गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने किया छत्तीसगढ़ में अपना विस्ताकर




**रायपुर 12 फरवरी।** इबलु रेंज के प्रोडक्ट्सस बनाने वाली गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स ने राजनंदगांव, छत्ती0सगढ़ में अपने नये शोरूम वैभव इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल का उद्घाटन किया है। विश्वर-स्तिरीय टेक्नोलॉजी से लैस, यह शोरूम ग्राहकों के लिये इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) को खरीदने के एक अलग अनुभव की पेशकश करता है। इसकी मदद से इस क्षेत्र में ईवी को अपनाये जाने को लेकर जागरूकता बढ़ाई जाएगी। यह शोरूम 1800 वर्गफीट में फैला है और यह ब्लूप डायमण्ड् सिटी के पास, अनाया लॉन के सामने, मोहरा रोड, राजनंदगांव, छत्तीसगढ़-491441 में स्थित है। यह शोरूम इलेक्ट्रिक वाहनों के बारे में अच्छीन जानकारी रखने वाले अनुभवी कर्मचारियों के साथ ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदानकरेगा। यह शोरूम अपने ब्राण्डे की यात्रा भी दिखाएगा और ग्राहकों की ईवी से जुड़ी सभी जरूरतों के लिये एक सिंगल टच पॉइंट बनेगा। गोदावरी इलेक्ट्रिक मोटर्स के सीईओ श्री हैदर खान ने कहा,हमें राजनंदगांव, छत्तीसगढ़ में नये शोरूम को खोलने की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। ईवी को अपनाये जाने के मामले में छत्तीससगढ़ ने जबर्दस्त क्षमता दिखाई है और यहाँ कई लोग इलेक्ट्रिक यातायात को अपनाने के इच्छुेक हैं। इसके लिये हम पर्यावरण के लिए एक ज्या दा अनुकूल, सुरक्षित और स्थानयी भविष्य् की ओर बढ़ने में मदद करने के लिये उच्च तम गुणवत्ता के इलेक्ट्रिक वाहन प्रदान करना चाहते हैं।

## ओकाया ने लॉन्च किया सुरक्षित एवं वॉटर रेज़िस्टेन्ट ई-स्कूटर

**रायपुर 12 फरवरी।** भारत में तेज़ी से विकसित होते इलेक्ट्रिक वाहनों के ब्राण्ड ओकाया ईवी ने नए स्कूटर ओकाया फास्ट एफ-3 के लॉन्च के साथ अपनी 'फास्ट' सीरीज़ को और भी सशक्त बना लिया है, इस सीरीज़ के स्कूटरों को बेहतरीन परफोर्मेन्स एवं शानदार रेंज के लिए जाना जाता है। ओकाया फास्ट एफ-3 एक बार चार्ज करने के बाद 125 किलोमीटर की रेंज देता है। यह वॉटरप्रूफ और डस्ट-रेज़िस्टेन्ट है तथा लोडिंग क्षमता पर 70 किलोमीटर की अधिकतम स्पीड देता है। अपने अनूठे फीचर्स और सुरक्षा मानकों से युक्त ओकाया फास्ट एफ-3 को उन लोगों के लिए डिज़ाइन किया गया है जो किफ़ायती एवं भरोसेमंद स्कूटर चाहते हैं। आधुनिक उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करने वाला यह स्कूटर 1200 वॉट की मोटर से पावर्ड है जो 2500 वॉट की पीक पावर देता है तथा लिथियम-आयन एलएफपी ड्यूल बैटरियों से युक्त स्विचेबल टेक्नोलॉजी के साथ आता है, जिससे बैटरी लाईफ बढ़ती है।

## तीन दिवसीय लोक मड़ई एवं कृषि मेले का शुभारंभ

**राजनांदगांव 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दलेश्वर साहू ने डोंगरगांव के खेल मैदान में मड़ई ध्वज की पूजा कर तीन दिवसीय लोक मड़ई एवं कृषि मेले का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि लोक मड़ई के माध्यम से छत्तीसगढ़ की अनूठी संस्कृति यहां दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजाति समाज और संस्कृति तथा आदिवासी समाज के जुड़े वीर योद्धाओं की गौरव गाथा यहां 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो के माध्यम से दिखाई जा रही है। छत्तीसगढ़ की कला एवं समृद्ध संस्कृति अपने अनोखे स्वरूप में प्रगट हो रही है। शहीद वीर नारायण सिंह, ठाकुर भंवर सिंह जैसे योद्धाओं ने देश को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। देश को आजादी दिलाने में तथा समाज को दिशा दिखाने में उन्होंने अहम भूमिका निभाई है। जल, जंगल और जमीन के लिए उन्होंने लड़ाई लड़ी। इस ऐतिहासिक गौरव गाथा को संजोकर 3डी प्रोजेक्शन मैपिंग शो के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया गया है। लोक मड़ई में शासन की योजनाओं की जानकारी स्टॉल के माध्यम से दी जा रही है।

# बंदोबस्त त्रुटि में निरंतर हो सुधार कार्य: मुख्यमंत्री

### अवैध शराब बिक्री की शिकयतों पर सख्त कार्रवाई की जाए, अधिकारियों की बैठक में शासकीय योजनाओं की समीक्षा की



**रायपुर 12 फरवरी।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर जिले के अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तामासिवनी और खोरपा में आम जनता से भेंट-मुलाकात के पश्चात शाम को अभनपुर विश्राम भवन में अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गोधन न्याय योजना, रीपा, नरवा कार्यक्रम सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं को आजीविकामूलक गतिविधियों से जोड़ने और नरवा के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से भू-जल स्तर की जानकारी ली और नरवा कार्यक्रम को अनवरत जारी रखने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को बंदोबस्त त्रुटि में सुधार लाने, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व कार्यों को भी नियमित रूप से करने के निर्देश दिए। सुपोषण अभियान की समीक्षा में कुपोषित बच्चों के घर जाकर पोषण संबंधी जानकारी देने और गर्भवती महिलाओं की एनिमिया जांच कराने, खून की कमी पाये जाने पर इलाज की व्यवस्था कराने और हाट बाजार क्लिनिक योजना में अधिक से अधिक लोगों का निःशुल्क उपचार और अन्य सुविधाओ का लाभ दिलाने कहा। उन्होंने सड़कों की स्थिति, पीएचई विभाग से जल जीवन मिशन की प्रगति की भी समीक्षा की। अवैध शराब और ओव्हर रेट की शिकायत पर गंभीर नाराजगी व्यक्त की। इसी प्रकार अवैध मुरूम खनन की शिकायत पर सक्त कार्रवाई करने कहा। इस मौके पर अभनपुर विधायक श्री धनेन्द्र साहू, मुख्यमंत्री के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमलसिंह परदेशी सहित रायपुर जिले के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## पांच कुण्डीय मारुती महायज्ञ का शोभायात्रा के साथ हुआ समापन



**अंवरी 12 फरवरी।** भगवान मारुती नंदन की असीम कृपा से नव ज्योति नाट्य कला मंडल के तत्वाधान में एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से पांच दिवसीय पांच कुण्डलीय मारूती महायज्ञ का आयोजन जोरातराई(अं) में 7 फरवरी से 11 फरवरी तक किया गया था। जिसमें 07 फरवरी को कलश यात्रा के साथ पांच कुण्डीय महायज्ञ का शुभारम्भ हुआ7 क्रमशः 08 फ़रवरी दिन बुधवार देवपूजन 07 से 09 बजे तक, 09 फ़रवरी दिन गुरुवार यज्ञहवन 07 बजे से 12 बजे तक, 10 फ़रवरी दिन शुक्रवार यज्ञहवन 07 बजे से 12 बजे तक, 11 फ़रवरी दिन शनिवार यज्ञहवन 07 बजे से 12 बजे तक हुआ 7 तत्पश्चात शोभायात्रा के साथ गाली ब्राह्मण कराते हुए 5 कुंडली मारुति महायज्ञ का समापन किया गया जिसमें टेकराम साहू संरक्षक, भरत नाहर, खिलावन साहू सरपंच, मानक लाल साहू ,महेंद्र साहू, सुदामा साहू, बिरसिंग, छविराम, मोहन दास वैष्णव, पीतांबर निर्मलकर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# सीएम की मंशा के अनुरूप राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता करें: कलेक्टर

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 12 फरवरी।** कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व विभग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राजस्व प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता देते हुए गंभीरतापूर्वक करें। बटवारा, सीमांकन, नामांतरण सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का सक्रियतापूर्वक निराकरण करें। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सभी एसडीएम राजस्व शिविर लगाकर आम जनता की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा कि चिटफण्ड कंपनियों के निवेशकों को राशि भुगतान हेतु आवेदनों के सत्यापन के कार्य में गति लाएं। ऐसे प्रकरण जिनमें आवेदन का सत्यापन हो गया है, निवेशकों की राशि लौटाने के कार्य करते जाएं। कलेक्टर ने कहा कि नवाचार करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य प्रारंभ करें। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग से समन्वय करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। गौठानों में चारागाह विकसित करने के लिए विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। इसके लिए फेंसिंग, पानी की उपलब्धता होनी चाहिए। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने भू-अर्जन प्रकरणों में मुआवजा भुगतान की स्थिति की जानकारी ली तथा रिकार्ड दुरूस्तीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध नियमितिकरण के कार्य में गति लाए। अवैध कालोनी में कई बार जनसामान्य घर बना लेते हैं, लेकिन मालिकाना हक नहीं मिलने पर वे बैंक से ऋण नहीं ले सकते। वही भवन अनुज्ञा नहीं मिलने पर कार्रवाई भी हो सकती है। इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने वन अधिकार पत्र जारी करने तथा रिकार्ड अपडेशन, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याया योजना, अतिवृष्टि एवं अल्पवृष्टि के कारण हुई फसल क्षति की जानकारी, सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, मसाहती-असर्वेक्षित ग्रामों के राजस्व सर्वेक्षण की प्रगति, कुल अविवादित नामांतरण की जानकारी, न्यायालय लंबित प्रकरणों की समीक्षा रिपोर्ट, कुल अविवादित खाता विभाजन-बटवारा की जानकारी, नगरीय क्षेत्रों में 7500 वर्गफीट तक अतिक्रमित शासकीय-नजूल भूमि के व्यवस्थापन प्रकरणों की स्थिति, नगरीय क्षेत्रों में अतिक्रमित शासकीय भूमि का व्यवस्थापन, उच्च न्यायालय के निर्देश का पालन हेतु शेष प्रकरण, ई-कोर्ट की जानकारी, डिजिटल हस्ताक्षर से हस्ताक्षरित खसरों की संख्या व प्रतिशत, भुइंया सॉफ्टवेयर में अभिलेख शुद्धता की जानकारी, आरबीसी 6-4 के प्रकरणों की जानकारी, जिले में धान खरीदी एवं उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव की प्रगति, जिले में धान खरीदी एवं उपार्जन केन्द्रों से धान उठाव की प्रगति, राजस्व शिविर की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम श्री अरूण वर्मा सहित अन्य राजस्व अधिकारी उपस्थित थे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी एसडीएम जुड़े रहे।

# भोजपुरी दबंग समेत रायपुर में पहली बार लगेगा फिल्मी कलाकारों का जमावड़ा




**रायपुर 12 फरवरी।** सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग यानी सीसीएल 2023 आयोजन पहली बार रायपुर शहर में किया जा रहा है, जिसमें भोजपुरी दबंग के साथ साथ देश भर की तमाम फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों का कुंभ मेला लगने वाला है। इस दौरान 100 से भी अधिक एक्टर सीसीएल में एक साथ रायपुर के स्टेडियम में क्रिकेट मैच खेलते नजर आएंगे। यह जानकारी आज रायपुर में सीसीएल 2023 की फ्रेंचाइजी टीम भोजपुरी दबंग के ओनर आनंद विहारी यादव ने पत्रकारों से बातचीत में कही। टूर्नामेंट टी 20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग का आयोजन सालों से हो रहा है लेकिन रायपुर में इस बार यह 18 फरवरी से आयोजित होगा। इस लीग का पहला मुकाबला 18 तारीख और दूसरा मैच 19 तारीख को खेला जाएगा। उन्होंने कहा कि इसलिए के मुख्य आकर्षण सांसद मनोज तिवारी जी, सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ जी, लोकप्रिय अभिनेता सोनू सूद जी, सोहेल खान जी, रितेश देशमुख जी, बॉबी देओल जी, सुनील शेट्टी जी प्रवेश लाल यादव जी के साथ बहुत सारी ब्रांड एंबेसडर एक्ट्रेस भी इस लीग के दौरान नजर आएंगी। उन्होंने कहा कि हम रायपुर वासियों से अपील करना चाहेंगे कि इस लीग में आप लोग आमंत्रित हैं। आप असली को देखने जरूर आएं और सेलिब्रिटी क्रिकेटरों का उत्साहवर्धन करें। उन्होंने बताया कि इस लीग के लिए टिकट सोमवार से पेटीएम पर उपलब्ध रहेगा। आनंद विहारी यादव ने कहा कि आपने अब तक फिल्म स्टार को सिनेमा में अभिनय करते और अभिनय के दौरान खेलते देखा होगा। आज रील लाइफ के एक्टरों को आप रियल लाइफ में क्रिकेट खेलते देख सकेंगे जिसका अनुभव यकीनन आपके लिए भी शानदार होगा। उन्हें सामने क्रिकेट खेलता देख आपको अलग ही एहसास होगा। यह रायपुर शहर के लिए खुशी की बात है कि उनके सामने 100 से भी अधिक फिल्मी एक्टर क्रिकेट खेलते नजर आएंगे जिन्हें आप पर्दे पर या टीवी पर देखते हैं। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में 8 टीमें भाग लेंगी जिनमें शीर्ष चार टीमों के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने से पहले ग्रुप चरण के मुकाबलों में कुल 16 मैच खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का फाइनल मैच 19 मार्च को हैदराबाद में खेला जाएगा। अंक तालिका में क्रमशः पहले और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें पहले सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगी, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें दूसरे सेमीफाइनल में आमने सामने होंगी।

# प्रभु राम के सुमिरन से ही हो जाते हैं दु:ख दूर:तारिणी नीलम



**अंवरी 12 फरवरी।** ग्राम भैसबोड़ धर्म रामायण रंगमंच में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत धमतरी कृषि सभापति तारिणी नीलम चंद्राकर एवं अध्यक्षता करने कृषि उपज मंडी समिति कुरुद के अध्यक्ष नीलम चंद्राकर पहुँचक लोगों को धर्म के प्रति जागरूकता का संदेश दिया एवं मानस मंच में शामिल हुए। इस दौरान तारिणी नीलम चंद्राकर ने कहा कि भगवान श्री राम जी के चरित्र को जिस प्रकार साधारण भाषा में तुलसीदास जी ने श्री रामचरित मानस में दर्शाया है वह अद्वितीय है हमें यह हमेशा प्रयासरत रहना चाहिए की रामचरित मानस की बातों को हम अपने जीवन में उतार सकें इससे हमारे जीवन में जितनी भी समस्या, तनाव हों उन सबसे पार जाकर मन स्थिर करने का मार्ग मिलता है। साथ ही हम सब छत्तीसगढ़ के लोग भाग्यशाली हैं जो हमे छत्तीसगढ़ में जन्म मिला ये वो पावन धरती है जहाँ भगवान श्री राम का ननिहाल और उनके माता जी का मायका है और भगवान राम यहां के भांजे हैं। भगवान राम जी का विशेष प्रेम छत्तीसगढ़ से रहा और अपने जीवन का बहुमूल्य समय छत्तीसगढ़ में बिताए है। श्री रामचरित मानस से ही जीवन जीने का मार्गदर्शन एवं कला मिलती हैं। भगवान श्री राम जी के जीवन चरित्र से अपने जीवन मे आदर्श नागरिक बनने का अवसर प्राप्त होता हैं। मानस गान से गांव में आपसी तालमेल एकता व शांति की भावना प्रेरित होती है। कृषि उपज मंडी समिति अध्यक्ष नीलम चंद्राकर ने कहा की हमें धार्मिक रूप से एक होने की आवश्यकता है हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत बहुत गौरवपूर्ण है हमें अपने पूर्वजों के बताए मार्ग पर चलकर सभी के साथ सौहाद्रता के साथ जीवन यापन करना है, ग्रामीण समाज में किसी भी प्रकार का मनभेद नहीं होना चाहिए चाहे हम किसी भी समाज, धर्म या विचारधारा के लोग हों सभी का ध्येय सामाजिक एकजुटता के साथ गांव के विकास में भागीदार बनने का प्रयास करना चाहिए।

## जेईई मेन 2023: फिजिक्स वाला के 1200 से ज्यादा छात्रों ने स्कोर किया 99 पर्सेंटाइल

**रायपुर 12 फरवरी।** 490 से अधिक पीडब्लू छात्रों ने 99.5 पर्सेंटाइल स्कोर किया, जो पीडब्लू के इतिहास में सबसे अधिक है, औरइसके 2900 से अधिक छात्रों ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जनवरी-फरवरी में आयोजित सत्र 1 के लिए जेईई मेन परीक्षा में कोटा, पटना, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में पीडब्ल्यू विद्यापीठों के छात्र चमके 10 फरवरी 2023⁻ पीडब्लू (फिजिक्स वाला ), भारत का सबसे सस्ता और सुलभ एडटेक प्लेटफॉर्म, ने घोषणा की कि उसके 2900 से अधिक छात्रों ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और उन्हें जेईई एडवांस्ड परीक्षा के लिए योग्य घोषित किया गया है। इस परीक्षा में 490 से अधिक छात्रों ने 99.5 परसेंटाइल और 15 से अधिक छात्रों ने 99.9 पर्सेंटाइल स्कोर किया। पीडब्ल्यू के शीर्ष स्कोरर में रामकृष्ण गेना (99.94 पर्सेंटाइल), आर्यन राय (99.94 पर्सेंटाइल), राय श्रीजल अंजानी (99.92 पर्सेंटाइल), निशांत जोत्रिवाल (99.91 पर्सेंटाइल),अनुभव साहा (99.89 परसेंटाइल), आर्यन लारोइया (99.88 पर्सेंटाइल) शामिल हैं। ये छात्र जेईई मेन और एडवांस के लिए पीडब्ल्यू के शीर्ष लक्ष्य और प्रयास ऑनलाइन बैच से हैं। पीडब्लू विद्यापीठ (वीपी) के छात्रों ने भी परीक्षा में अनुकरणीय परिणाम दिखाकर अपनी योग्यता साबित की। विभिन्न विद्यापीठों से शीर्ष स्कोर करने वालों में कोलकाता विद्यापीठ के प्रियांश दत्ता (99.86 पर्सेंटाइल), कोटा विद्यापीठ के कुशाग्रह जैन (99.85 पर्सेंटाइल), आयुष सिंह (99.84 पर्सेंटाइल), प्रफुल्ल नेगी (99.70 पर्सेंटाइल), रुद्र शर्मा (99.66 पर्सेंटाइल), दर्शन गुप्ता (99.55 पर्सेंटाइल) केशव कुमार (99.55 पर्सेंटाइल), और वाराणसी विद्यापीठ के आदर्श सिंह (99.53 परसेंटाइल) शामिल हैं।

## कैट ने देश भर में इलेक्ट्रॉनिक पेमेंट को अपनाने डिजिटल पेमेंट रेगुलेशन बोर्ड के गठन का दिया सुझाव

**रायपुर 12 फरवरी।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि भारत को कम नकद उपयोग करने वाले देश को बनाने की दिशा में रिज़र्व बैंक द्वारा हाल ही में डिजिटल-ई-रुपया जारी करने से सरकार का यह इरादा स्पष्ट है की देश में नकद के चलन को बेहद कम किया जाए और इसी के मद्देनजर, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने मास्टरकार्ड को अपने टेक्नोलॉजी पार्टनर के रूप में रखते हुए डिजिटल पेमेंट के मुद्दे पर एक राष्ट्रव्यापी अभियान डिजिटल भुगतान से व्यापार आसान नई दिल्ली में आयोजित एक राष्ट्रीय सेमिनार से शुरू किया गया जिसका उद्घाटन केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के सचिव श्री रोहित कुमार सिंह ने किया तथा मध्य प्रदेश -छत्तीसगढ़ के सीजीएसटी, एक्साइज एवं कस्टम के चीफ कमिश्नर श्री नवनीत गोयल, मास्टरकार्ड के पब्लिक पालिसी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री रवि अरोरा सहित अन्य अनेक विशेषज्ञ भी शामिल हुए।

## युवा कैट ने युवा व्यापारियों के लिए आम बजट पर विशेष कार्यशाला आयोजन किया

**रायपुर 12 फरवरी।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के युवा कैट के प्रदेश अध्यक्ष अवनीत सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष दीपक विधानी, महामंत्री, अमर घिंगानी, कार्यकारी महामंत्री विक्रम राठौर, कोषाध्यक्ष



अध्यक्ष विजय पटेल, ने बताया कि युवा कैट के द्वारा युवा व्यापारियों के लिए आम बजट पर विशेष कार्यशाला आयोजन किया गया। जिसमें शहर के जाने माने सीए श्री मुकेश मोटवानी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। युवा कैट के प्रदेश अध्यक्ष श्री अवनीत सिंह ने बताया कि कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यालय में युवा कैट के द्वारा युवा व्यापारियों के लिए आम बजट पर विशेष कार्यशाला आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता सीए श्री मुकेश मोटवानी ने उपस्थित सभी युवा व्यापारियों को आम बजट के हर पहलू से रूबरू कराया साथ ही इनकम टैक्स की नई एवं पुरानी स्कीम का विश्लेषण, जीएसटी के मुख्य बिन्दुओं अवगत कराया।

# आज राजिम पुन्नी मेला में डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर कृत लोकरंजनी की होगी सांस्कृतिक प्रस्तुति



**रायपुर 12 फरवरी।** आज संध्याकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम की कड़ी में राजीव मांगी पुन्नी मेला में लोकरंजनी लोककला सांस्कृतिक समिति रायपुर के संचालक डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर एवं साथियों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति होगी जिसमें लोकरंजनी परिवार के 25 कलाकारों द्वारा छत्तीसगढ़ के समृद्ध पारंपरिक लोकगीत नृत्य, सुवा, करमा, ददरिया, पंथी, भोजली, राउत नाचा, गौरा गौरी, फाग गीत, तथा छत्तीसगढ़ की पावन सरिता नदियों, पहाड़ पर्वत, देव तीर्थ स्थालो, तीज त्योहारों एवं स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान देने वाले महापुरुषों के अवदान को सुंदर गीत संगीत एवं नृत्य के माध्यम से लयबद्ध कर लोकरंजनी लोककला सांस्कृतिक मंच द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। संगीत में गुडूम, डफला, मोहरी, डमऊ, निशान, मंजीरा का विशेष उपयोग करते हैं आगे डा. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने बताया कि कला के प्रति मेरा रूझान बचपन से रहा है गांव के रामलीला एवं नाचा में बचपन से ही विभिन्न पात्र की भूमिका करते रहे लोक मंच के माध्यम से समाज में फैली हुई इस प्रथा छुआछूत भेदभाव अंधविश्वास दूर करने बेटी बचाने बेटी पढ़ाने जल संरक्षण पर्यावरण संरक्षण नदी नालों का संरक्षण के साथ सामाजिक कुरीतियों को रास्ता दिखाने का काम कर रहे हैं डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए फूहड़ता का सहारा लेना ठीक नहीं है। मंच पर लोकरंजनी के कलाकार संचालक वरिष्ठ लोक गायक डॉक्टर पुरुषोत्तम चंद्राकर,नृत्य निर्देशक रोहित साहू संगीत पक्ष में मंशा, पवन, छतराम, देवेंद्र, गजाधर, पप्पू, गायक, बाहरू यादव, गायिका पुनेश्वरी बारले, बाली देवदास, नृत्य पक्ष में संध्या कश्यप, दुर्गा, ज्योति, मनीषा, अजय, अनिल, महेंद्र, उमेश, आदि।

## किसानों को कर्जमुक्त करने का कांग्रेस दावा खोखला:बजाज

**रायपुर 12 फरवरी।** वरिष्ठ सहकारी नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने भूमि विकास बैंकों के ऋण वसूली के



लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना लागू करके कांग्रेस सरकार ने कर्ज माफी के अपने ही दावे को झूठला दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता दावा करते है कि सरकार बनते ही हमने सभी किसानों का कर्जा माफ कर दिया है तो एकमुश्त जमा योजना किसके लिए लागू की गई । श्री बजाज ने कहा कि किसानों को कर्जमुक्त करने का कांग्रेस दावा खोखला सिद्ध हुआ है।

### पेंशन प्रधानमंत्री अन्न योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा: वीरेंद्र साहू

# जन समस्या निवारण शिविर में 155 प्रकरणों का हुआ निपटारा



**नगरी/मगरलोड 12 फरवरी।** विकासखंड मुख्यालय मगरलोड के ग्राम पंचायत करेली बड़ी में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी स्वयं उपस्थित होकर कई प्रकरणों का निराकरण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आम जनता को की समस्याओं को समाधान करने का निर्देश दिया

इस शिविर में ग्राम पंचायत करेली बड़ी के लोगों ने अतिक्रमण के साथ कुंडेल वासियों ने एडीबी द्वारा बनाया जा रहा है रोड निर्माण पर सवालिया निशान करते हुए कहा एडीबी जानबूझकर ऊपर मे नाली और नीचे में रोड बना रहा है जो कहीं भी देखने को ऐसा नहीं मिला है

इसी तरह जल जीवन मिशन के कार्य में भी अनियमितता की शिकायत लोगों ने की है मुख्यालय में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पाइप लाइन का विस्तार हुआ नहीं होने के कारण एडीबी द्वारा रोड निर्माण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण आए दिन दुर्घटना से लोग ग्रसित हो रहे हैं जिसके लिए बड़ी आंदोलन की चेतावनी भी मगरलोड महा व्यापारी संघ एवं ग्रामवासियों द्वारा दिया जा रहा है

भाजपा जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कांग्रेस सरकार की योजनाओं पर सवालिया निशान करते हुए कहा पेंशन प्रधानमंत्री अन्न योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है जल जीवन मिशन के कार्यों में भारी लापरवाही बरती जा रही है एवं विकासखंड मगरलोड मे एडीबी रोड निर्माण के कार्य पर भी उन्होंने नाराजगी जताई

शिविर में राजस्व विभाग शिक्षा विभाग श्रम विभाग समाज कल्याण विभाग विद्युत रोजगार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा लोक निर्माण विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास स्वास्थ्य आयुर्वेद उद्योग रोजगार खाद्य कृषि पशुपालन उद्यानिकी मछली पालन श्रम महिला बाल विकास जल संसाधन आदिवासी विकास स्कूल शिक्षा कौशल विकास सहित विभिन्न विभागों के द्वारा स्टाल लगाया गया

इस शिविर में कुल 209 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 155 प्रकरणों का निराकरण किया गया एवं शेष 54 प्रकरणों का लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र करने की निर्देश कलेक्टर ने दिया

इस शिविर में जिला पंचायत सदस्य कुसुमलता साहू, सभापति तारिणी चंद्राकर, जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एसडीएम सोनल डेविड मगरलोड तहसीलदार जनपद पंचायत सीईओ चैतन्य ध्रुव, युवा कांग्रेस नेता पूर्व जनपद सदस्य नेहरू साहू सभापति गिरीश साहू जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र साहू सोसायटी अध्यक्ष सोनकर सरपंच डोमार साहू पंच दानेश्वर सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष होरी लाल साहू जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में आम नागरिकगण उपस्थित रहे।

# भूपेश सरकार नक्सली हमले को दे रही बढ़ावा: जेपी नड्डा

## भाजपा प्रजातांत्रिक तरीके से नक्सलियों का मुकाबला करेगी

**जगदलपुर, 12 फरवरी ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि भूपेश सरकार नक्सली हमले को बढ़ावा दे रही है। नड्डा बस्तर जिला मुख्यालय के लालबाग मैदान में आमसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जगदलपुर आने से पहले बस्तरवासियों के दर्शन के लिए मन में बहुत सी उमंग थी लेकिन कल रात जो नारायणपुर में घटना घटी, उसने दिल को दहला दिया, मन दुखित हुआ, मन भ्रमित हुआ, इसके बाद उन्होंने सोचा कि वो बस्तर आएंगे तो जरूर लेकिन जहां घटना घटित हुआ वहां भी पहुंचेगे, और उनके परिवार के लोगो से मिलूंगा और उनसे कहूंगा कि ये आपका बेटा आपका भाई यह अकेला नहीं है, इस लड़ाई में 18 करोड़ लोगों की पार्टी भाजपा उनके साथ खड़ी है और पूरी ताकत के




साथ एक बार नहीं अनेकों बार प्रजातांत्रिक तरीके से जवाब देंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि 06 फरवरी को बीजापुर के भाजपा मंडल अध्यक्ष नीलकंठ ककेम पर बर्बता से हत्या की गई वह निंदनीय है, दुख देने वाला भी है। इसी प्रकार बुधराम करटम की संदिग्ध हालात में लाश मिली, यह वारदात कई प्रश्न खड़े करते हैं। जब से प्रदेश में भूपेश सरकार बनी है, तब से नक्सली हमले भी बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि जब रमन सिंह की सरकार थी तब सुख शांति चैन था, कानून व्यवस्था थी, सब लोगों को जीने का अधिकार था।

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने आम सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला मुख्यमंत्री भूपेश को छत्तीसगढ़ में विकास रोकने का अपराधी बताया उन्होंने कहा कि प्रदेश के 16 लाख प्रधानमंत्री आवास रोकने का काम भूपेश ने किया है, इसलिए वह जनता के अपराधी हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने भूपेश बघेल को लबरा मुख्यमंत्री कहते हुए जनता से नारे लगवाए। भाजपा की आमसभा में पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हिस्सा लिया इस दौरान उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सह प्रभारी नितिन नबीन समेत भाजपा के कई बड़े नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आम सभा के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा नारायणपुर पहुंचकर नक्सली हत्या का शिकार हुए नारायणपुर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सागर साहू के पार्थिव शरीर पर भाजपा का झंडा ओढ़ाकर श्रद्धांजली अर्पित की। उन्होंने सागर साहू के परिवार के लोगों से मुलाकात कर अपनी संवेदना व्यक्त की।

जनसभा में भाजपा प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, बस्तर संभाग प्रभारी सांसद संतोष पांडेय, प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ,ओपी चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल साहू, पूर्व सांसद रामविचार नेताम, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व मंत्री लता उसेंडी, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, कमल चंद भंजदेव, लच्छू राम कश्यप, सुभाऊ कश्यप, संतोष बाफना, संजय पांडे, राजाराम तोड़ेम, बैदूराम कश्यप, रूपसिंग मंडावी, विद्या शरण तिवारी, श्रीनिवास मद्दी, धनीराम बारसे, बृजमोहन देवांगन, हंगाराम मरकाम, चैतराम आतामी, ओजस्वी मंडावी, भरत मटियारा, बस्तर जिला प्रभारी जी वेंकट, सह प्रभारी सेवकराम नेताम,लोकसभा प्रवास योजना प्रदेश सहसंयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेगवती कश्यप,जिपं उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप, जगदलपुर विधानसभा प्रभारी निखिल राठौर, चित्रकोट विधानसभा प्रभारी नवीन विश्वकर्मा, बस्तर विधानसभा प्रभारी आलोक ठाकुर,जिला उपाध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा,श्रीनिवास मिश्रा,जिला महामंत्री रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय,जिला कोषाध्यक्ष रजनीश पाणिग्रही, जिला मंत्री नरसिंह राव, बाबुल नाग, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेश कश्यप, भाजयुमो जिला अध्यक्ष अविनाश श्रीवास्तव, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती सुधा मिश्रा आदि उपस्थित थे सभा का संचालन प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप तथा आभार प्रदर्शन किरण देव ने किया।

## एक नजर

### हादसे के बाद यातायात पुलिस ने चालकों को दी समझाइश



**बीजापुर 12 फरवरी।** स्कूली बच्चों को लाने ले जाने वाले आटो चालको, परिवहन बसों के साथ साथ गलत पार्किंग में खड़े चार पहिया वाहनों पर की गई चालानी कार्यवाही विगत दिनों कांकेर जिला में ट्रक एवं स्कूली बच्चों को ले जाने वाले ऑटो में हुई भीषण दुर्घटना को देखते हुये यातायात पुलिस द्वारा स्कूल/कॉलेजो में बच्चों/छात्रों को लाने जे जाने वाले ऑटो/वेन चालकों को दी गई समझाईश। यातायात नियमों का पालन करते हुये नियमित गति सीमा में वाहन चलाने हेतु दी गई हिदायत। बीजापुर शहर में गलत पार्किंग पर खड़े चार पहिया वाहनों के खिलाफ भी कार्यवाही करते हुय भविष्य के लिये हिदायत दी गई ।

### अधिक दर पर स्टाम्प बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

**बीजापुर 12 फरवरी।** वर्तमान में न्यू पेंशन स्कीम के तहत जिन कर्मचारियों का नाम



है उसे ओल्ड पेंशन स्कीम में जाने के लिए राज्य शासन द्वारा शपथ पत्र भरवाया जा रहा है। इस संबंध में अधिकारियों के पास शिकायत प्राप्त हो रही है कि कुछ स्टाम्प वेंडर, अर्जीनवीस द्वारा निर्धारित राशि से ज्यादा रकम पर स्टाम्प बेचा जा रहा है। इसके लिए बीजापुर एसडीएम श्री पवन कुमार प्रेमी ने लोगों को संदेश दिया है कि कर्मचारी इसकी शिकायत एसडीएम बीजापुर अथवा कार्यालय कलेक्टर शिकायत शाखा में कर सकते हैं।

### कलेक्टर के निर्देश पर अमानक प्लास्टिक का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर लगा जुर्माना

**दंतेवाड़ा, 12 फरवरी।** कलेक्टर श्री विनीत नंदनवार के निर्देश पर नगर पालिका परिषद, दंतेवाड़ा, किरंदुल, बचेली और नगर पंचायत बारसूर के साप्ताहिक बाजार एवं नगर को प्लास्टिक मुक्त करने हेतु अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा दल गठित कर जुर्माने की कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में अमानक प्लास्टिक, कैरी बैग का उपयोग करने वाले दुकानदारों पर लगभग 20 हजार रूपये का जुर्माना एवं 21 किलो अमानक प्लास्टिक कैरी बैग जप्त किया गया। बता दें के जिला प्रशासन की इस कार्यवाही व लगातार दी जा रही समझाइश के बाद आज बाजार में कुछ दुकानदारों द्वारा वैकल्पिक कैरी बैग का उपयोग करते हुए भी देखा गया। कलेक्टर श्री नंदनवार ने कहा कि वातावरण और जिले को स्वच्छ बनाने में दुकानदार व नागरिक सहयोग देवे, यह हम सब की जिम्मेदारी है। दुकानदार व विक्रेता अमानक प्लास्टिक कैरी बैग का उपयोग न करें। आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही जिला प्रशासन द्वारा की जाएगी, जिसमें नियम का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध अब और कड़ी कार्यवाही होगी। इस कार्यवाही में संबंधित अनुभाग के एसडीएम, तहसीलदार, नगर पालिका अधिकारी और कर्मचारी, पुलिस के जवान शामिल थे।

### कोलाहल अधिनियम के तहत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध

**दंतेवाड़ा, 12 फरवरी ।** दंतेवाड़ा जिले में शालेय एवं महाविद्यालय वार्षिक परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ होने से विद्यार्थियों के अध्ययन कार्य में व्यवधान न हो, इस हेतु छत्तीसगढ़ कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 6(2) एवं 10(2) के साथ पठित भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए एतद् द्वारा संपूर्ण दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा जिले में आदेश जारी होने की तिथि से 15 मई तक की अवधि में अधिनियम की धारा 13 (1) में उल्लेखित अवसरों को छोड़कर धारा 2क,ख एवं ग के अंतर्गत परिभाषित कोलाहल एवं समस्त ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर पूर्ण समय (दिन/रात) के लिए प्रतिबंध लगाई जाती है।

उक्त आदेश का उल्लंघन अधिनियम की धारा 15 के अधीन दंडनीय है। साथ ही अधिनियम की धारा 2घ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा (7) के प्रयोजन के लिए उपयुक्त अवसरों पर सीमित अवधि के लिए अनुज्ञा देने हेतु अनुविभागीय दंडाधिकारी दंतेवाड़ा को उनके स्थानीय क्षेत्राधिकार अंतर्गत निहित अधिकारी की शक्तियों का प्रयोग करने हेतु सशक्त किया जाता है।

### जिले में कृमि मुकि दिवस की शुरुआत

**दंतेवाड़ा, 12 फरवरी।** जिले में कृमि मुक्ति दिवस की शुरुआत आज शासकीय जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र से की गई । कार्यक्रम की शुरुआत स्वास्थ्य मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा वर्चुअल माध्यम से की गई, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस मंडल उपस्थित थे। ज्ञात है कि जिले में 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्कूलों में अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। इस दौरान छूटे हुए बच्चों को माप अप राउंड के दौरान 15 फरवरी को दवा खिलाई जाएगी।

# हितामेटा के पूर्व सरपंच की नक्सलियो ने की हत्या

**गीदम 12 फ़रवरी।** दन्तेवाड़ा जिले के बारसुर थानां क्षेत्र अंतर्गत हितामेटा गांव के पूर्व सरपँच की नक्सलियों ने शनिवार शाम धारदार हथियार से हत्या कर दी है। घटना स्थल पर शव के पास नक्सलियों के पर्चे भी मिले है। प्राप्त जानकारी के अनुसार हितामेटा के पूर्व सरपंच रामधर अलामी 50 नारायणपुर के एक गांव में पारिवारिक कार्य से गए थे तभी शनिवार शाम लगभग 4 बजे थुलथुली गांव में नक्सलियों ने हत्या कर दी । इस घटना के बाद क्षेत्र में दशहत का माहौल व्याप्त हो गया है । बता दे कि सप्ताह भर के भीतर माओवादियों ने बस्तर संभाग में अन्य दो भाजपा जनप्रतिनिधियो को मौत



के घाट उतारा है इसके बाद दन्तेवाड़ा जिले में यह तीसरी घटना रही जहा माओवादियों ने पूर्व सरपँच व भाजपा बारसुर के पूर्व मंडल उपाध्यक्ष को मौत के घाट उतार दिया । बारसुर थानां प्रभारी सुरेंद्र पामभोई ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह घटना शनिवार शाम बारसुर थानां क्षेत्र के थुलथुली गांव में हुई है ।

**पर्चे में मुखबिर होने व बोधघाट बांध के पैसे खाने का लगाया आरोप :** शव के पास माओवादियों के पूर्व बस्तर डिवीजन कमेटी के नाम से पर्चे मिले है जिसमें माओवादियों ने जनप्रतिनिधि पर पुलिस मुखबिर होने का आरोप लगाया है। साथ ही बोधघाट बांध का पैसे खाने का भी आरोप लगाया है। गोपनीय सैनिक का आरोप लगाते पर्चे में माओवादियों ने लिखा है कि तीन बार समझाने के बाद भी नही समझने के कारण पीएलजीए ने रामधर अलामी को मौत की सजा सुनाई है ।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर बच्चों को गोली खिलाकर किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ

**जगदलपुर, 12 फरवरी।** कलेक्टर श्री चंदन कुमार के निर्देश पर 10 फरवरी 2023 को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ डॉ. आरके चतुर्वेदी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर के द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय (विवेकानंद स्कूल) जगदलपुर बच्चों को कृमि गोली खिलाकर किया गया। डॉ. आरके चतुर्वेदी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर द्वारा इस संबंध में जानकारी दी गई। बस्तर जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 10 फरवरी 2003 को स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 1-19 वर्ष के सभी बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई खिलाई जा रही है। इस कार्य हेतु जिला प्रशासन से भी सहयोग प्राप्त हुआ। बस्तर कलेक्टर श्री चन्दन कुमार द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी को सहयोग की अपील की है। अधिक से अधिक बच्चों को दवा को सेवन कराया जाए। उल्लेखनीय है कि जिले में कुल 2384 सरकारी 132 एवं निजी स्कूल एवं 1987 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 334000 बच्चों को कृमि दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। यह दवा स्कूली बच्चे आंगनबाड़ी में पंजीकृत बच्चे, शाला त्यागी को जिले के संचालित शासकीय-अशासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा निजी स्कूलों, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई में सभी नामांकित बच्चों को टीचर द्वारा दवाई खिलाई जाएगी।

### इंद्रावती टाईगर रिजर्व में वन अग्नि की रोकथाम के लिए कार्यशाला आयोजित

**बीजापुर 12 फरवरी।** इंद्रावती टाईगर रिजर्व बीजापुर अंतर्गत भोपालपटनम में 10 फरवरी शुक्रवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों , इको



विकास समिति के सदस्यों , ग्रामीणों, वन अधिकारी-कर्मचारियों, फायर वाचरों, पेट्रोलिंग गार्डों को वन अग्नि की रोकथाम हेतु प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण में वन अग्नि के प्रकार, अग्नि लगने के कारण, अग्नि से वन को होने वाली नुकसान, अग्नि से बचाव के उपाय , तथा आगामी अग्नि सीजन 2023 में अग्नि सुरक्षा की रणनीति के संबंध में सहायक संचालक आईटीआर बफर श्री संजय रौतिया द्वारा प्रशिक्षण दिया गया । इस कार्यशाला में श्री बसंत राव ताटी सदस्य छत्तीसगढ़ कृषि कल्याण बोर्ड एवं जिला पंचायत सदस्य,नगरपंचायत अध्यक्ष भोपालपट्नम कुमारी रिंकी कोरम श्री संतोष बोरे उपाध्यक्ष नगर पंचायत भोपालपटनम, पार्षद श्री विजार खान, श्री अरूण कोरम, श्रीमती सुनीता एट्टी ,सरपंच संेंद्रपल्ली श्री बासम रमैया, सरपंच बड़े काकलेड श्री बड़ेराम गोटा, सरपंच मुनलापेट्टा श्री सुरेश नल्ला, ईको विकास समिति के अध्यक्ष श्री भगत सम्मैया, श्री यालम संतोष एवं ग्राम सैंड्रा पल्ली , चेरपल्ली, उल्लूर, भोपालपटनम, मट्टी मार्का,नील मडगु, यापला, रुद्रा राम, बड़े ककरेल, कांडला पल्ली, मारवाड़ा, आन्नापुर के ग्रामीण तथा ITR बीजापुर के मद्देर,सैंड्रा, पिल्लुर रेंज, पामेर अभ्यारण्य के सभी रेंजर, CFO,BFO, फायर वाचर, पेट्रोलिंग गार्ड उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में श्री धम्मशील गणवीर उप निदेशक ITR द्वारा आदिवासी संस्कृति में प्रकृति के महत्व के बारे में बताया तथा अग्नि सुरक्षा, वन सुरक्षा, वन्यप्राणी सुरक्षा के लिए जनसहभागिता हेतु अनुरोध किया गया , उन्होंने आगामी एक सप्ताह में सभी रेंज के ग्राम पंचायतों तथा स्कूलों/छात्रावास में अग्नि सुरक्षा, वन एवं वन्यप्राणी सुरक्षा हेतु बैठक/कार्यशाला आयोजित करने हेतु निर्देशित किया।

# कांग्रेस सरकार अनुसूचित क्षेत्र के लोगों के विकास को लेकर गंभीर नहीं: सीपीआई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 12 फरवरी।** भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी जिला कमेटी बीजापुर ने पिछले 10 दिनों से गांव गांव में जाकर बस्तर के 1910 का महान भूमकाल को लोगों के बीच जाकर मनाया। वहीं जिले भर से कई समस्याएं भी निकलकर सामने आई गांव में रहने वाले लोगों को काफी दिक्कातों का सामना करना पड़ रहा है। किसी के हाथ में काम नही है। लोग रोजगार के लिए अंतर्राज्यों में पलायन को मजबूर हैं। लोगों ने बताया कि अगर कोई छोटा मोटा काम पंचायत में आ भी जाए तो नेता ठेकेदार गटक जाते हैं। वहीं सीपीआई नेता कमलेश झाड़ी ने पत्रकार वार्ता में कहा की छत्तीसगढ की कांग्रेस सरकार अनुसुचित छेत्र को लेकर बिलकुल गंभीर नही है सिर्फ पूंजीपतियों और ठेकेदारों के विकाश में लगी है। आगे उन्होने कहा की छेत्र के आदिवासी ग्रामीण पिछले दो वर्षो से अपनी जायज मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं पर मौजुदा सरकार सिर्फ़ और सिर्फ़ इनपर लाठियां और गोलियां बरसाई है पेसा कानून पांचवी अनुसूचित छेत्र होने के बौजूद इन्हे खदेड़ा जाता है सरकार चाहे तो इन ग्रामीणों से बात कर सकती है पर ये चाहते नही। वहीं उद्योग मंत्री कवासी लखमा के बीजापुर दौरे के सवाल पर



कमलेश झाड़ी ने कहा कि वह चुनावी लालीपोप बांटने आएं हैं निर्माण कार्यो का सौगात और भूमिपूजन महज ठेकेदार और खुद का विकास मात्र है और कुछ नहीं। सीपीआई का आरोप है कि कांग्रेस की सरकार अपने वादे से मुखर गई है और स्थानीय जनप्रतिनिधि भ्रष्टाचार को अंजाम देकर अपनी झोली भरने में मस्त हैं। पर अब इस छेत्र की जनता समझ चुकी है आनेवाले चुनाव में जनता इन्हे जरूर सबक सिखाएगी।

# आधार कार्ड बना अब मनरेगा मजदूरी भुगतान का आधार

## आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के बारे में जागरूकता के लिए जिला सीईओ ने ली बैठक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 12 फरवरी।** मिनिस्ट्री आफ रूरल डेवलपमेंट भारत सरकार ने 1 फरवरी से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत श्रमिकों के मजदूरी भुगतान आधार बेस्ड पेमेंट सिस्टम के आधार पर करने निर्देश जारी कर दिए है। यह सिस्टम आधार कार्ड से बैंक का खाता लिंक के आधार पर कार्य करेगा। श्रमिकों को जिस बैंक में मनरेगा मजदूरी का भुगतान चाहिए होगा , उस बैंक में जाकर आधार नंबर को लिंक कराना होगा। उक्त जानकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू ने जिले के मनरेगा से जुड़े अमलों को बैठक में दी।



जिले में इस वित्तीय वर्ष में 31 मार्च तक 15 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से वर्तमान में 76 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कर लिए गए हैं। मनरेगा में जिले में कुल 1 लाख 7 हजार मजदूर पंजीकृत है, जिनमें से 33 प्रतिशत मजदूरों के बैंक खाते से आधार लिंक है। 20 फरवरी तक अधिक से अधिक मनरेगा मजदूरों के बैंक खाते से आधार लिंक कराने के निर्देश बैठक में जिला पंचायत सीईओ ने दिए। यह सिस्टम कैसे काम करता है इसकी जानकारी मनरेगा जाबकार्डधारी परिवारों को देने जागरूक और आवश्यक सहयोग करने को कहा। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी नारायण बंजारे, मनीष सोनवानी, प्रोग्रामर जिनेश कुमार, समन्वयक शिकायत निवारण ललित दास मानिकपुरी, जनपद पंचायत सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी, प्रोग्रामर जनपद पंचायत के अलावा ग्राम पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

### जाने क्या है आधार इंबेल्ड पेमेंट सिस्टम

यह एक प्रकार की भुगतान प्रणाली है जो विशिष्ट पहचान संख्या पर आधारित होती है और आधार कार्ड धारकों को आधार आधारित प्रमाणीकरण के माध्यम से निर्बाध रूप से वित्तीय लेनदेन करने की अनुमति देती है। एईपीएस बैंकिंग सेवा का उद्देश्य आधार के माध्यम से सभी को वित्तीय और बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराकर समाज के सभी वर्गो को सशक्त बनाना है ।

### एईपीएस प्रणाली के जरिए दी जाने वाली सेवाएं

नकद जमा, नकद आहरण, खाते में जमा शेष राशि की पड़ताल, एक आधार से दूसरे आधार में राशि स्थानांतरण, लेनदेन एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे नरेगा, आवास, एन.आर.एल.एम. इत्यादि के भुगतान डी. बी. टी. के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में जायेगा ।

### एईपीएस प्रणाली चालू करने के लिये क्या करें

हितग्राही को अपना आधार कार्ड , पासबुक के साथ बैंक में ले जाना होगा । तत्पश्चात के.वाई.सी. फॉर्म भरकर बैंक में जमा करना होगा। ये करने के बाद 24 घंटों के अंदर हितग्राही इस प्रणाली का लाभ ले सकतें हैं ।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर और एसपी ने शहीद वीर गुंडाधूर और पुसनार के शहीद क्रांतिकारी पुनेम डोडा पेद्दा को किया नमन



**बीजापुर 12 फरवरी।** जिला मुख्यालय के गंगालूर क्षेत्र में आज बस्तर के महान भूमकाल विद्रोही क्रांतिकारी शहीद वीर गुण्डाधूर और पुनेम डोडा पेद्दा को याद किया गया । इस अवसर पर जिला पंचायत एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्रीमती नीना रावतिया उद्दे, कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा एसपी श्री आंजनेय वाष्णैर्य ने भूमकाल स्मृति दिवस मे ग्रामीणों के बीच पहुंच कर शहीद वीर गुंडाधूर और पुनेम डोडा पेद्दा को नमन किया इस अवसर कलेक्टर श्री कटारा ने दूरस्थ क्षेत्रों से आए आदिवासी ग्रामीणों का हाल चाल जाना और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।आदिवासियों के संस्कृति के सरंक्षण और संवर्धन के सांस्कृतिक केंद्र बनाने सहित पेयजल राशन दुकान शाला त्यागी किशोरी को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने किशोरी केंद्र बनाने के लिए ग्रामीणो को जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### चिल्ड्रन इन इंडिया 0 से 6 वर्ष के दिव्यांग बच्चों को दे रही थेरेपी

**बीजापुर 12 फरवरी।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार कटारा के



निर्देशानुसार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री रवि कुमार साहू के मार्गदर्शन में एवं समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक मनोज कुमार बंजारे के मार्गदर्शन एवं सहयोग से चिल्ड्रन इन इंडिया द्वारा 0 से 6 वर्ष के दिव्यांग बच्चों के दिव्यांगता में सुधार हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा है । चिल्ड्रन इन इंडिया द्वारा दिनांक 23,24 एवं 30 जून 2022 तथा 01 जुलाई 2022 को जिले के चारों ब्लॉक में दिव्यांग शिविर आयोजन किया गया था । इस शिविर में 0 से 6 वर्ष के कुल 40 बच्चों को चिन्हांकित किया गया । इन 40 बच्चों का 10-10 का एक बैच बनाकर इनके दिव्यांगता में सुधार हेतु जिले में संचालित समर्थ जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बीजापुर में फिजियो थेरेपिस्ट अपर्णा देवांगनऔर स्पीच थेरेपिस्ट पूनम साहू द्वारा थेरेफी किया जा रहा है । एवं दिनांक 06 फरवरी से 20 फरवरी 2023 तक कुल 15 दिनों के लिए बीजापुर जिले के चारों ब्लॉक से 7 बच्चे उपस्थित हुए हैं जिनका थेरेफी सत्र अभी चल रहा है । इन दिव्यांग बच्चों के साथ उनके महिला पालक के रहने ,खाने-पीने की व्यवस्था समाज कल्याण विभाग द्वारा की गई है । इस थेरेपी सत्र के दौरान 4 दिव्यांग बच्चे गणेश,विवान, निरंजन,एवं संजय को चलने में परेशानी होती है । चूंकि उनका पैर क्लब्फूट है एवं लिंब शॉर्टनिंग है , जिसका डायग्नोस ष्ठष्ठत्रष्ट के फियोथेरेपिस्ट अपर्णा देवांगन द्वारा किया गया है ।उक्त बच्चों के पैर में सुधार हेतु करेक्टिव - शू का सुझाव दिया गया । एवं इन 4 बच्चों को फिजीयोथेरेपिस्ट द्वारा ष्ठष्ठत्रष्ट से रेफेर किया गया है । बाकी 3 बच्चों का जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बीजापुर में थेरेपी सत्र जारी है ।

### बीजादूतीर स्वयंसेवक पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती एवं कृमि मुक्ति दिवस में किर रहे हैं अमूल्य योगदान

**बीजापुर 12 फरवरी।** गंभीर कुपोषित बच्चों के उपचार एवं कुपोषण के रोकथाम के लिए बीजापुर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार



कटारा के मार्गदर्शन में जिले में सेवारत बीजादूतीर स्वयंसेवक लगातार प्रयासरत हैं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता हड़ताल में होने के कारण बच्चे और गर्भवती माताओं के पोषण प्रभावित ना हो इसके लिए स्वयंसेवक का प्रयास अमूल्य है महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा लगातार जिले में कुपोषित बच्चों की संख्या कम करने के लिए कवायद की जा रही स्वयंसेवकों द्वारा नियमित रूप से कुपोषित बच्चों को केंद्र में भर्ती कराया जा रहा है बीजादूतीर स्वयंसेवक बच्चे के चेकिंग एवं चेकआउट दिनांक के माध्यम से ट्रैक कर पोषण पुनर्वास केंद्र( एनआरसी) बच्चों को अधिक से अधिक दर्ज कराने का प्रयास कर रहे हैं इसके साथ साथ जिले के हर बच्चे को कृमि मुक्त करने हेतु भी स्वयंसेवक प्रयासरत हैं तथा घर-घर घूमकर गांव के प्रत्येक बच्चों को कृमि मुक्ति के दवा खिलाने का कार्य कर रहे हैं इस दौरान पालको का व्यवहार परिवर्तन कर कृमि के दुष्प्रभाव और कृमि नाशक इलाज से बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव के बारे में भी जागरूक कर रहे हैं।

एक नजर

## किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार कर रही मेहनत

**राजिम, 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ में किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार और किसान मेहनत कर रहे हैं। इसके साथ ही किसान खेती के साथ आर्थिक लाभ बढ़ाने के लिए मछली पालन की ओर ध्यान दे रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार भी मछली पालकों को प्रोत्साहित करने के लिए कई योजनाओं का क्रियान्वयन एवं संचालित कर रही है। राजिम माघी पुन्नी मेला में लगे मत्स्य पालन विभाग के प्रदर्शनी में सरकार द्वारा चलाई जा रही है मत्स्य विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ बता रहे हैं। गरियाबंद मत्स्य विभाग के निरीक्षक रिया कुजुर एवं कर्मचारी मनमोहन मारकंडे ने बताया कि मत्स्य पालन को बढावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में कई योजनाएं संचालित है, जिसमें मत्स्य बीज उत्पादन योजना, जलाशयों एवं नदियों में मत्स्योद्योग का विकास योजना, शिक्षण-प्रशिक्षण (मछुआरों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण) योजना, शिक्षण-प्रशिक्षण (मछुआरों का अध्ययन भ्रमण) योजना, पंजीकृत मत्स्य सहकारी समितियों को ऋण/अनुदान योजना, मत्स्य पालन प्रसार अंतर्गत झींगा पालन, मौसमी तालाबों में मत्स्य बीज संवर्धन, नाव जाल या जाल क्रय सुविधा तथा फिंगरलिंग क्रय कर संचयन पर सहायता योजना, मत्स्य विकास पुरस्कार योजना, एक्वाकल्चर मत्स्य कृषक विकास अभिकरण योजना, मत्स्य जीवियों का दुर्घटना बीमा योजना, राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, बचत सह राहत (सेंविंग कम रिलीफ), मछुआ आवास योजना है। कुजुर ने बताया कि फीड मिल स्थापना, मत्स्य बीज हैचरी की स्थापना, तालाबों में रेडिएटर की स्थापना, बर्थ संयंत्र की स्थापना, ऑटो रिक्शा के साथ आइस बॉक्स, मोटरसाइकिल के साथ आइस बॉक्स, साइकिल के साथ आइस बॉक्स, फुटकर मत्स्य विक्रय दुकान की स्थापना, मछुआरों का दुर्घटना बीमा बचत राहत योजना, मछुआ आवास योजना सहित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत अनेकों प्रकार की सहायता राशि प्रदान की जाती है। अधिकारी कुजुर ने बताया कि मछली पालन आय का अच्छा स्त्रोत होने के कारण बहुत से लोग मछली पालन जैसे कार्यों में लगे हुए हैं। छत्तीसगढ़ मछली पालन व्यवसाय के विकास के लिए अनुकूल है क्योंकि यहां नदी, बांध, तालाबों की अधिकता है। यही कारण है कि मछली पालन व्यवसाय में बहुत से लोग जुड़े हुए हैं। छत्तीसगढ़ शासन भी मछली पालन व्यवसाय को बढ़ावा देना चाहती है। इस लिए मछली पालन के साथ-साथ मछली पालन व्यवसाय के जुड़े वस्तुओं, औजारों के लिए लोन मुहैया कराती है। नाव, जाल, मछली बीज संवर्धन, मत्स्य पालन आदि के लिए लोन लिया जा सकता है। कुजुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में कम लागत में ज्यादा आय प्राप्त करना है तो मछली पालन का व्यवसाय सबसे बढ़िया है, परन्तु मछली पालन व्यवसाय से जुड़ी जानकारी के आभाव में बहुत से लोग, इस ओर ध्यान नहीं देते हैं। इस स्टॉल में मछली पालन व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जो प्रावधान किये गए है, उन सब के बारे में जानकारी दी जा रही है।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत राजिम पुन्नी मेला में 150 बेटियों के हाथ हुए पीले

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 12 फरवरी ।** पवित्र महानदी, सोंढूर, पैरी के त्रिवेणी संगम के राजीव लोचन मंदिर परिसर में आज अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब पूरा परिसर विशाल विवाह मंडप में बदल गया था। अवसर था मुख्यमंत्री कन्या सामुहिक विवाह का। इस आयोजन में यहां 150 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ।राजिम माघी पुन्नी मेला के अवसर पर यह विशेष पल था जब जिले के गरीब 150 बेटियों के हाथ हजारों लोगों की गवाही में पीले हुए। भगवान श्रीराजीव लोचन और श्रीकुलेश्वर नाथ की पवित्र धरा में बेटियों को समारोह के मुख्य अतिथि प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मन्त्री व राजिम विधायक श्री अमितेश शुक्ल, स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी-कर्मचारियों का आशीर्वाद मिला।सामुहिक विवाह में छुरा विकासखंड के 38, फिंगेश्वर के 1,मैनपुर के 64,गरियाबंद के 18 एवं देवभोग के 29 जोड़े शादी के पवित्र बंधन में बंधे।



गायत्री वैदिक मंत्रोच्चार और रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व वधु एवं वर पक्ष से अधिकारी-कर्मचारी बाराती और घराती बने। वर पक्ष को बाजे-गाजे के साथ स्वागत कर बारात निकाली गई। वहीं वधु पक्ष ने फूल बरसाकर स्वागत किया। पूरा मेला स्थल विवाहमय नजर आ रहा था।इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीअमितेश शुक्ल ने वर-वधु को आशीष और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मेरे लिए एक शुभ अवसर है कि आज राजिम के पवित्र धरा पर सामुहिक विवाह सम्पन्न हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने बधाई दिया है। उन्होंने कहा कि आज पुण्य कार्य हो रहा है जहां गरीब बेटियों को आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार की जिम्मेदारी बेटियों पर होती है। वे परिवार और समाज को जोड़ कर रखती है। बेटियां शासन की योजना का लाभ उठाकर सक्षम बने। उन्होंने सभी नवदम्पति को उपहार दिए।उन्होंने नवदम्पति को सफल और स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी और जोड़ों को 1- 1 हजार का चेक प्रदान किया। श्री शुक्ल ने नवविवाहित को सफल जीवन के लिये मूल मंत्र दिए। एक दूसरे की गलती को नही देखते हुये अच्छाई को स्वीकार करें। सोशल मीडिया का सावधानी से उपयोग करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ के स्वाभिमान और सम्मान के लिए कार्य कर रहे हैं। शासन की योजना का जिक्र कर कहा कि सरकार हर वर्ग का ध्यान रख रही है। उन्होंने सरकार के तरफ से सभी नवदम्पति को बधाई और शुभकामनाएं दी। इस सामुहिक विवाह के अनुकरणीय पहल के लिए श्री शुक्ल ने स्थानीय प्रशासन को भी बधाई दी।जनपद अध्यक्ष फिंगेश्वर श्रीमती पुष्पा साहू ने कहा कि हमारे प्रदेश के संवेदनशील मुखिया भूपेश बघेल द्वारा बेटियों की शादी के लिए फिजूलखर्ची रोकने के लिए अनुकरणीय पहल की है। सामुहिक विवाह के लिए योजना से गरीब बेटियों को बड़ी मदद मिली है। जिला पंचायत सभापति श्रीमती मधुबाला रात्रे ने कहा कि कोरोना काल मे यह शादी नही हो पाई थी।। लेकिन अब यह शादी हो रही है। सभी समाज को आगे आना पडेगा। शासन की योजनाओं का लाभ उठाने अपील की और सभी नवविवाहित जोड़े को बधाई दी। गायत्री परिवार के वैदिक मंत्रोच्चार और रीति रिवाज से विवाह सम्पन्न हुआ। इसके पूर्व वधु एवं वर पक्ष से अधिकारी-कर्मचारी बाराती और घराती बने। वर पक्ष को बाजे-गाजे के साथ स्वागत कर बारात निकाली गई। वहीं वधु पक्ष ने फूल बरसाकर स्वागत किया। पूरा मेला स्थल विवाहमय नजर आ रहा था। इस सामुहिक विवाह में मैनपुर के टीलेन्द्री, ओमकार, गरियाबंद की आरती निर्मलकर ने इस आयोजन के लिए शासन-प्रशासन का आभार प्रकट किया है।उन्होंने कहा कि यह शादी हमारे जीवन के लिए यादगार क्षण है।शासन से जो लाभ मिला है उसके लिए धन्यवाद दिये। जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पांडेय ने बताया कि अब तक जिले में 1334 जोड़े का विवाह सम्पन्न हो चुका है।योजना अंतर्गत प्रत्येक जोड़े के लिए योजना अंतर्गत द्वारा 25 हजार की राशि व्यय की जा रही है। जिसमे 5 हजार रूपये श्रृंगार सामग्री, 14 हजार रूपये उपहार सामग्री तथा 5 हजार रूपये आयोजन मद एवं 1हजार रूपये का चेक वधु के लिए प्रदाय किया गया।

समाचार संक्षेप

## अमर शहीद गुण्डाधूर की स्मृति में भूमकाल दिवस मनाया गया



**सुकमा, 12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला सुकमा में सुनील शर्मा पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा के मार्ग दर्शन एवं श्री किरण चव्हाण अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑप्स व ओम चंदेल अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आज दिनांक 10.02. 2023 को जिला मुख्यालय सुकमा में अंग्रेजों के विरूद्ध स्वाधीनता एवं हक की लड़ाई लड़ने वाले और अंग्रेजो से लोहा लेने के लिये भूमकाल आंदोलन छेड़ने वाले बस्तर के वीर आदिवासी क्रांतिकारी नेता महानायक अमर शहीद गुण्डाधूर की संघर्ष की स्मृति में भूमकाल दिवस की 113 वीं वर्षगांठ मनाया गया तथा जिला मुख्यालय सुकमा में सद्भावना दौड़ का आयोजन कर उनकी प्रतिमा में ससम्मान पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं महानायक अमर शहीद गुण्डाधूर के द्वारा आदिवासियों को उनके हक दिलाने के लिये अदम्य साहस, वीरता एवं संघर्ष की कहानी के बारे में पुलिस स्टॉफ व अन्य गणमान्यों को संबोधित कर बताया गया।

इस दौरान रामदेव बघेल अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला सुकमा, पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा सुनील शर्मा, अति पुलिस अधीक्षक ओम चंदेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सुकमा परमेश्वर तिलकवार, रक्षित निरीक्षक बुद्धेश्वर पैकरा, निरीक्षक सुभाष चौबे व अन्य पुलिस स्टॉफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# दुनिया की अनोखी प्रतिमा है भगवान राजीवलोचन की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 12 फरवरी।** साक्षात भगवान विष्णु का स्वरूप राजीवलोचन मंदिर में श्रद्धालुगण दिन प्रतिदिन चमत्कार से रूबरू होते रहते है। जानकारी के मुताबिक पुरी दुनिया में ऐसी प्रतिमा नहीं मिलती जो राजिम शहर के प्राचीन मंदिर में स्थापित है। त्रिवेणी संगम तट पर राजीवलोचन मंदिर दो भागों में विभक्त है। पहले परिसर का प्रवेश द्वार पूर्व दिशा की ओर है। द्वार पर दो गज सूड उठाकर स्वागतारत है। ललाट पर सिंह बैठे हुए है। आयताकार क्षेत्र के मध्य भगवान राजीवलोचन का विशाल मंदिर 7वी, 8वीं शताब्दी में बनाया गया है। राजा जगपाल देव ने विष्णु आज्ञा से विशाल मंदिर का निर्माण छने हुए कारीगर से करवाया और चतुर्भुजी श्यामवर्णी प्रतिमा स्थापित की। मंदिर के उत्तर, दक्षिण दिशा में आगमन एवं निर्गमन द्वार है। महामंडप खम्भों पर टिका हुआ है। प्रत्येक स्तंभ पर देवी-देवताओं की प्रतिमा प्रस्थापित है। द्वार पर ही गरूड़ देव दोनों हाथ जोड़कर बैठे हुए है। महामंडप में दो शीलालेख उत्कीर्ण है जिससे छश्रसगढ़ की इतिहास के बारे में जानकारी मिलती है। मंदिर में परिक्रमा पथ है।

दिन में तीन बार बदलता भवगान राजीव लोचन का स्वरूप

गर्भगृह में भगवान विष्णु का स्वरूप राजीवलोचन विराजमान है। बतातें है कि इनका



स्वरूप दिन में तीन बार बदलता है। सुबह बाल्यावस्था, दोपहर युवा तथा रात्रिकाल में प्रौढ़ा अवस्था को प्राप्त करते है। कुछ महिने पहले प्राईवेट टीवी चैनल ने रूककर चमत्कार पर सर्वे किया। उन्होने पाया कि राजीवलोचन भगवान भोजन ग्रहण करने के लिए उपस्थित होते है। पात्र में परोसा गया भोजन को रखकर गर्भगृह का द्वार बंद कर दिया। कुछ देर बाद खोला तो अन्न के दाने बिखरे हुए थे। इसी तरह रात्रिकाल में शयन करने से पहले भगवान को तेल लगाने की परम्परा है। उनके लिए खाट बिछाया गया, बिस्तर भी लगा। द्वार बंद कर दिया गया। सुबह पट खुला तब बिस्तर बिखरा हुआ मिला तथा कपड़े पर तेल देखा गया। ।

### शंख, चक्र, गदा, पद्म धारण

विष्णु सहस्त्रनाम में एक नाम राजीवलोचन अंकित है। भगवान राजीवलोचन अपने चारों हाथ में शंख, चक्र, गदा, पद्म धारण किए हुए है पर्व-त्योहार तथा महत्वपूर्ण तिथियों में भगवान का विशेष रूप से श्रृंगार किया जाता है। बारह महीने में 24 रूप अलग-अलग रूप का जिक्र होता है।

### राजिम में अनेक विष्णु मंदिर

राजिम में भगवान राजीवलोचन मंदिर के अलावा अनेक विष्णु मंदिर है जिनमें प्रमुख रूप से आयताकार वर्ग क्षेत्र के चारों कोण में चारोधाम स्थित है। जिनमें वराह अवतार, वामन अवतार, बद्रीनारायण अवतार, नृसिंह अवतार हैं। मंदिर के नीचे मे शाक्षी गोपाल मौजूद है। भगवान का विराट स्वरूप दीवाल पर अंकित है। द्वितीय परिसर में सूर्यनाराण भगवान, चतुर्भुजी भगवान विष्णु के लगभग 5 फिट ऊंची प्रतिमा, मंदिर समूह से बाहर सौ साल प्राचीन लक्ष्मीनारायण मंदिर 6वीं-7वीं शताब्दी में स्थापित रामचन्द्र देवल, छोटे राजीवलोचन मंदिर, गरियाबंद मार्ग में दत्तात्रेय मंदिर इत्यादि है।

### राजीवलोचन के साथ जुड़ी राजिम भक्तिन तेलिन माता की कथा

प्रचलित कथा के अनुसार राजिम भक्तिन तेलिन माता अत्यंत सरल एवं सहज स्वभाव की थी। तेल बेचकर वह परिवार का पालन-पोषण करती थी। एक दिन तेल बेचने के लिए नदी से होकर दूसरे किनारे जा रही थी। अचानक एक पत्थर से ठोकर खाकर गिर गई। इससे पात्र में रखा सारा तेल बिखर गया। संभावित डांट फटकार के डर से रोने लगी। कुछ समय बाद आंसू पोंछकर घर आने के लिए बर्तन उठाकर देखा तो आवाक रह गई। उस पात्र में तेल लबालब भर गया था। खुशी-खुशी वह तेल बिक्री किया। वापस आकर पुरी जानकारी परिवार जनों को दी। दूसरे दिन तेली परिवार ने उस शीला को उठा कर घर ले आया। पूजा-पाठ से घर का माहौल भावभक्ति से ओतप्रोत हो गया। नरेश वीरवल जयपाल को पता चला और राजिम माता के पास प्रतिमा के लिए याचना किया। उन्होने कहा प्रतिमा को ले जाईये। उनकी बात को सुनकर नरेश बहुंत प्रसन्न हुआ और राजिम के मंशानुरूप प्रतिमा के साथ राजिम शब्द जोड़ दिया गया और उसी दिन से राजीवलोचन को राजिमलोचन कहा जाने लगा।

### समय-समय पर राजिम का नाम बदला

राजिम नगरी को अत्यंत प्राचीन बताया जाता है। किंवदंती के अनुसार पहले इन्हें कमलक्षेत्र कहा जाता था। उसके बाद पद्मक्षेत्र फिर देवपुरी, राजीवनगर, छोटाकांशी, पंचकोशी धाम, हरिहर की नगरी, राजिम प्रमुख है। राजिम का प्राचीन नाम कमलक्षेत्र पद्मावती पुरी राजीवलोचन मंदिर के नदी जाने के रास्ते के द्वार पर आज भी अंकित है।

## मुख्यमंच में स्टार नाईट अनुराग शर्मा की प्रस्तुति

**राजिम, 12 फरवरी।** राजिम माघी पुन्नी मेला के आठवें दिन 12 फरवरी रविवार को स्टार नाईट अनुराग शर्मा की प्रस्तुति होगी।



मुख्यमंच पर प्रतिदिन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकरों अपनी प्रस्तुति देकर दर्शकों को खूब आनंदित कर रहे हैं। 12 फरवरी रविवार को शाम 5 से 7 बजे तक लोक रंजनी के डॉ. पुरूषोत्तम की प्रस्तुति होगी। रात्रि 7 से 7.30 तक विप्र परिषद द्वारा संध्या पूजन आरती किया जाएगा। रात्रि 7.30 से 10 बजे तक छत्तीसगढ़ के स्टार नाईट अनुराग शर्मा की प्रस्तुति होगी।वहीं सांस्कृतिक मंच क्र. 2 में सुबह 11 से 12 बजे तक सुनीता शर्मा पंडवनी की प्रस्तुति देंगे। दोपहर 12 से 1 बजे तक जगन्नाथ पटेल जसगीत की प्रस्तुति होगी। दोपहर 1 से 2 बजे तक अभिषेक कुमार फाग मंडली, 2 से 3 बजे लोक नृत्य उत्तम साहू, 3 से 4 बजे तक प्रशांत सोनवानी द्वारा रामायण की प्रस्तुति दी जाएगी। मंच पर अंतिम प्रस्तुति 4 से 5 बजे तक पुरूषोत्तम यादव द्वारा राऊत नृत्य की प्रस्तुति होगी।

# पहनावे में हो लोक संस्कृति की झलक: पुराणिक साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 12 फरवरी।** गुंडरदेही के लहर गंगा लोककला मंच के लोक गायक पुराणिक साहू ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि पर्व एवं त्योहार में लोक कला की झलक स्पष्ट रूप से दिखती है। जंवारा, मितान बधने की परंपरा, मेला मड़ाई, लोक त्यौहार, बिहाव, गौरा गौरी, पंथी नृत्य इत्यादि आज भी प्रासंगिक मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद है जिन्हें हम लहर गंगा के माध्यम से मंच पर उतारते हैं। लोक कला एवं लोक संस्कृति पर प्रस्तुति देना हमें बहुत अच्छा लगता है। हमारी कोशिश दर्शकों के साथ जोड़ने की होती है ताकि वह कार्यक्रम को अपलक देखते रहे, उबाऊं न लगे। श्री साहू ने आगे बताया कि अपनी संस्कृति को सुंदर



ढंग से परोसने का प्रयास करते हैं इसके लिए बहुत मेहनत करना पड़ता है। कार्यक्रम के दौरान गेप ना हो इस बात का ध्यान रखा जाता है। नृत्य पक्ष में कसावट तथा संगीत पक्ष की चुस्त-दुरुस्त मैनेजमेंट पर कसावट होती है।साहू ने लोककला की शुरुआत के प्रश्न पर कहा कि बचपन से ही इस विधा से जुड़ा रहा। कॉलेज जीवन में अर्जुंदा लोक कला मंच ने मुझे आगे बढ़ने का रास्ता दिखाया। वहां निशुल्क कार्यशाला का आयोजन करते थे। आज भी इस दिशा में कार्य किया जाता है। प्रतिभाएं उभर कर सामने आते थे और इन्हीं लोगों को मिलाकर लहर गंगा को लाया गया। पिछले 10 सालों में लगातार प्रस्तुति दे रहे हैं। शुरुआती दौर पर फ्री में कार्यक्रम देते थे। सिर्फ मंच और माइक तथा लाइट ही उपलब्ध हो जाते और फिर हम रात भर लोगों को हंसाते, गुदगुदाते एवं समां बांधने का भरपूर प्रयास करते। उन्होंने आगे कहा कि अभी लहर गंगा को बहुत ऊंचाई तक ले जाना है इसके लिए तैयारियां अभी से कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि विदेश में भी पहचान बने। मंचीय प्रस्तुति देने से पहले बराबर तैयारी करते हैं उससे तेवर बना रहता है। छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश, उड़ीसा में भी प्रस्तुति दी है। वहां भाषा की दिक्कत होती है, लेकिन हाव भाव एवं अभिनय को देखकर दर्शक समझ जाते हैं वैसे भी हिंदी को तो पूरी देश जानता है।

### लोक संगीत में छिपे हैं मोटिवेशन के गुण

लोक संगीत में मोटिवेशन के गुण छिपे हुए हैं इससे जीवन का रंग बदल जाता है। छत्तीसगढ़ के बाहर भी राजिम माघी पुन्नी मेला का अपना विशेष नाम है। इस बार का मन अत्यंत सुंदर लग रहा है। बताया कि वह पिछले 32 सालों से लोक कला की प्रस्तुति दे रहे हैं। निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ की संस्कृति पर काम करते हैं गीत नृत्य प्रमोशन गम्मत के माध्यम से शिक्षाप्रद प्रस्तुतियां लोगों के दिलों में राज करते हैं।

# शनिवार को भीड़ ने मेले की रौनक बढ़ा दी

**राजिम।** पिछले 6 दिनों से राजिम माघी पुन्नी मेला में आंसिक भीड़ देखी जा रही थी, लेकिन शनिवार को एकमुस्त बढ़ गई। वैसे भी शनिवार को हाप डे होता है। दूसरी ओर भगवान राजीवलोचन मंदिर परिसर के गार्डन पर 150 जोड़े का सामूहिक विवाह हुआ। सभी के परिजन उपस्थित हुए तथा संडे के मद्देनजर एक दिन पहले लोगों का मेले में आना शुरू हो गया। संगम नदी में बड़ी भीड़ रही। स्कूली बच्चे, शासकीय कर्मचारी, अधिकारी, महिलाएँ, पुरूष अपनी-अपनी सुविधानुसार मेले में पहुंचे थे। वर्तमान में आवागमन के साधन होने के कारण अधिकतर लोग बाईक तथा चार पहिया वाहनों से सुबह या फिर दोपहर तक आते है और शाम रात तक घरों को लौट जाते है। बता देना जरूरी है कि आज से पाँच दशक पहले लोग मेला देखने बैलगाड़ी से आते थे। पांच दिन तक रूकते थे। मेले का पुरा मजा लुटने के बाद ही वापस जाते थे। वह राशन की पूरी सामाग्री तथा बैल को खिलाने के लिए चारे की व्यवस्था करते थे। उस समय मीना बाजार के अलावा संगम में मंदिर दर्शन करते। पुण्य स्नान तथा पंडवानी का आनंद लेते और सिनेमा सर्कस आकर्षण का केन्द्र होता था। समय के साथ-साथ मेले की पुरी व्यवस्थाएँ बदल गई। सन् 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य बना और माघी पुन्नी मेला में सरकारी खर्चे पर महोत्सव का आयोजन होने लगा। प्रदेश के लोक कलाकार छत्तीसगढ़ी संस्कृति पर फोकस करते रहे और आज वृहद रूप ले लिया है।

राजीवलोचन मंदिर में दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु

भगवान विष्णु का राजीवलोचन मंदिर में शनिवार को श्रद्धालुओं की ठसाठस भीड़ रही। हाथ में नारियल, अगरबत्ती, फूल इत्यादि पूजन सामाग्री लेकर देव दर्शन करते रहे। इस बार दक्षिण की ओर स्थित द्वार से प्रवेश हो रहें है। महामंडप को फूलों से आकर्षक लुक दिया गया है।

# शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती को भक्तों ने दी विदाई, जय गुरुदेव के नारों से गूंज उठा रणवीरपुर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 फरवरी।** राष्ट्रोत्कर्ष अभियान के तहत 9 से 11 फ़रवरी तक ग्राम रणवीरपुर पधारे पूर्वाम्नाय गोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती जी महाराज को आज हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों,धर्मप्रेमियों एवं भक्तजनों ने भावुक मन से विदाई दी। उनके प्रस्थान के पूर्व कबीरधाम जिले सहित प्रदेशभर से आए लोगों ने जय गुरुदेव के नारे के साथ पुष्प वर्षा कर विदाई दी और जय गुरुदेव के नारे से पूरा रणवीरपुर गूंज उठा। विदित हो कि 9 फ़रवरी को उनके पावन आगमन के अवसर पर 5 हजार से अधिक महिलाओं ने कलश यात्रा निकलकर उनका भव्य स्वागत किया था और 10 फ़रवरी को उन्होंने विशाल धर्मसभा को संबोधित कर पधारे 15 हजार से अधिक भक्तजनों को अपने आशीर्वचन से मार्गदर्शन दिया। 11 फ़रवरी को बोहरा निवास रणवीरपुर में प्रातः 11-30 बजे से दोपहर 1 बजे तक सत्संग,संगोष्ठी एवं दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसके पश्चात् उनका रायपुर प्रस्थान हुआ।इस दौरान उपस्थित भक्तजनों से शंकराचार्य जी ने सीधे संवाद किया और उनके मन में उत्पन्न सवालों के जवाब दिए। आमजनों ने धर्म,आध्यात्म एवं अपने



जीवन से जुड़े प्रश्नों तथा जिज्ञासा को शंकराचार्य जी के समक्ष रखा जिसका उन्होंने निराकरण करते हुए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने धर्मप्रेमियों और भक्तजनों का सतत मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सनातन धर्म की महिमा के बारे में बताते हुए अखंड भारत के उनके प्रयास में सभी के द्वारा सहभागिता निभाने की भी बात कही और जीवन में अपने सद्कर्म की राह पर चलने की बात कही। उन्होंने कहा कि धर्म की रक्षा एवं उसके प्रसार के प्रति हम सभी को जागृत होना होगा । सबको साथ मिलकर सनातन धर्म एवं संत परंपरा के गौरवशाली इतिहास से पूरे विश्व एवं हमारी आने वाली पीढ़ियों को भी अवगत करने के लिए प्रयास करना होगा। शंकराचार्य जी ने भावना बोहरा एवं सभी भक्तजनों को इस भव्य आयोजन के लिए अपना आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की आयोजक भावना बोहरा ने बताया कि हम धन्य है कि गुरुदेव का पावन आगमन एवं दर्शन करने का हम सभी को सौभाग्य मिला। विगत एक माह से समायोजक आदित्यवाहिनी-आनंदवाहिनी जिला कबीरधाम के सदस्यों और ग्रामवासियों एवं धर्मप्रेमियों के विशेष सहयोग से उनका आगमन एवं भव्य स्वागत किया गया। शंकराचार्य जी के आगमन को लेकर विगत एक माह से उत्सव का माहौल था और सभी जोर-शोर से उनके स्वागत की तैयारियों में जुटे हुए थे। आज उनका प्रस्थान हो रहा जिसे लेकर भी सभी भावुक हैं जो स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। यह मेरे साथ-साथ पूरे कबीरधाम जिला के लिए एक अविस्मर्णीय क्षण है कि उनके दर्शन कर आशीर्वाद लेने का हम सभी को सुअवसर प्राप्त हुआ। उनके मार्गदर्शन से सभी के मन में एक नई उत्साह व उर्जा का सकारात्मक संचार हुआ है। उनके आशीर्वचन हमें सदैव अपने धर्म एवं कर्तव्यपथ में अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए सदैव मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का क्षेत्रवासियों ने उठाया लाभ 10 फ़रवरी को स्कूल ग्राउंड,बाजार चौक रणवीरपुर में आयोजित विशाल धर्म सभा के अवसर पर शंकराचार्य स्वामी श्रीनिश्चलानंद सरस्वती जी महाराज के करकमलों द्वारा भावना बोहरा द्वारा संचालित निशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का शुभारम्भ किया गया था। 11 फ़रवरी को मोबाइल हेल्थ पैथ लैब द्वारा सेवा की शुरुआत की गई जहाँ सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासियों ने उसका लाभ उठाया। कबीरधाम जिले के आमजनों को स्वास्थ्य जांच की सुविधा के आभाव को देखते हुए भावना बोहरा द्वारा इसकी शुरुआत की गई है जिसके तहत एक वर्ष में 30 हजार लोगों को इसका लाभ पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान ग्रामवासियों ने भी भावना बोहरा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए बताया की इस हेल्थ लैब से अब उन्हें जांच के लिए दूर शहरों व अन्य जिले जाने के झंझट से निजात मिलेगा और उनके गाँव तक इस सेवा के पहुँचने से उन्हें राहत भी मिलेगा। हेल्थ लैब के शुरू होने से ग्रामवासियों में खुशी साफ़ दिखाई दे रही है। आज स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से बहुत से लोगों को इस सराहनीय पहल की जानकारी मिली जिसके लिए उन्होंने भावना बोहरा का आभार भी व्यक्त किया। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया और कुछ लोगों को उचित चिकित्सकीय सहायता के लिए नजदीकी जिला अस्पताल में चिकित्सकों से परामर्श लेने के सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा की जिलेवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके इसके लिए हमने इस मोबाइल हेल्थ पैथ लैब की शुरुआत की है। जिले के दूरस्थ व ग्रामीण क्षेत्रों में यह अनवरत अपनी सेवाएँ देते हुए प्रत्येक ग्राम में आमजनों के घरों तक पहुंचेगी। जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहयता के साथ-साथ उनके समय की बचत व मानसिक संबल देने के लिए हमने यह प्रयास किया है। कबीरधाम की जनता ने विगत वर्षों में मुझे जो सहयोग, आशीर्वाद एवं समर्थन दिया है उसके प्रति अपना ऋण चुकाने हेतु मैं निरंतर प्रयासरत हूँ और भविष्य में भी जनसेवा के अपने संकल्प को लेकर प्रयास करती रहूंगी।

## एक नजर

### शराब तस्कर गिरफ्तार

**सिमगा, 12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सिमगा पुलिस ने आबकारी एक्ट के प्रकरण में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा के निर्देशन में सिमगा पुलिस की टीम ने आरोपी आशीष शुक्ला पिता स्व. दुर्गा प्रसाद शुक्ला (36) निवासी रीवा हाल पता स्मार्ट सिटी कालोनी अनूपपुर, थाना अनूपपुर मध्यप्रदेश को पकड़कर सिमगा लाया। आरोपी से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह छत्तीसगढ़ में खपाने के लिए बड़ी मात्रा में मध्य प्रदेश निर्मित शराब पहुंचाता था। उसने मुख्य आरोपी राजेश साहू उर्फ चीकू के साथ मिलकर शराब तस्करी करने की बात स्वीकारी है। विगत दिनों सिमगा पकड़े गए 90 पेटी शराब में भी आरोपी की संलिप्तता पाई गई है। सिमगा पुलिस ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में मध्यप्रदेश निर्मित गोवा शराब खपाने के लिए तस्करों की बड़ी चेन सकिय है जिसमें आरोपी आशीष शुक्ला मुख्य सूत्रधार है। उसके ही इशारे पर उसके गुर्गे प्रदेश में शराब की सप्लाई करते हैं।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**भाटापारा, 12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पेन्ड्री स्थित जय गोपाल पोहा इन्डस्ट्रीज के संचालक महेश अग्रवाल ने ग्रामीण थाने में इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कुछ लोगों ने उससे जबरन वसूली की मांग करते हुए मारपीट की गई, प्रार्थी ने इस आशय की रिपोर्ट दर्ज कराया और बताया कि उसके साथ जबरन वसूली व पैसा देने की मांग करते हुए गाली गलौच व मारपीट की गई जिससे प्रार्थी दहशत मे है और उसने पुलिस सुरक्षा की मांग की है। ग्रामीण थाना टी.आई.विनोद मण्डावी ने बताया कि मामले में ग्रामीण थाना पुलिस ने आरोपी रहमान खान रशीदा खान रहमत उल्लाह खान और साजिद खान के खिलाफधारा 327, 294, 506, 323 और 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है और पूरे मामले को विवेचना में ले लिया है। पूरे मामले में ग्रामीण थाने की पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले को विवेचना में लेते हुए जांच शुरू कर दी

### रक्तदान के प्रति किया जागरूक

**भाटापारा, 12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अमरजीत सलूजा संयोजक सर्वधर्म रक्तदाता सेवा संस्थान फाउंडेशन भाटापारा ने बताया कि सर्वधर्म रक्तदाता सेवा संस्थान फाउंडेशन भाटापारा विगत कई वर्षों से डॉक्टर विकास आर्डिल के मार्गदर्शन में कार्य कर रही है जिससे जरूरतमंद लोगों को कम से कम समय में रक्त प्राप्त हो जा रहा है। भाटापारा में रक्तदान के प्रति लोगो में जागरूकता बनी हुई है जो समाज के लिए बड़ी गौरव की बात है। सर्वधर्म रक्तदाता सेवा संस्थान भाटापारा एवं अन्य शहरों रायपुर, बिलासपुर, तिल्दा, बलौदा बाजार, एवं छत्तीसगढ़ के मुख्य जिलों में रक्तदान के प्रति कार्य कर रही जो ब्लड डोनेशन शिविर एवं निःशुल्क ब्लड ग्रुप जाँच शिविर का आयोजन करता है। किसी भी स्थान में जरूरत होने पर आप हमसे संपर्क कर सकते है।

### नियमतिकरण के लिए नपा बलौदाबाजार एवं भाटापारा में बनाएं गए हेल्पडेस्क

**भाटापारा, 12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ अनधिकृत विकास का नियमतिकरण संसोधन अधिनियम 2022 के तहत निवेश क्षेत्र के अंदर निर्मित अवैध निर्माण का नियमतिकरण किया जा रहा है। जिसके तहत आम आदमी एवं कॉलोनाइजर 14 फरवरी 2023 तक अपने आवेदन स्थानीय नगरीय निकाय कार्यालयों में जमा कर सकते है। कलेक्टर रजत बंसल ने इस कार्य मे तेजी लाने एवं आम व्यक्तियों के सहायता के लिए हेल्पडेस्क खोलने के निर्देश दिए है। जिसके तहत नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार एवं भाटापारा कार्यालय में हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। जिसमें नियमितिकरण संबंधित आवश्यक जानकारी एवं फार्म भरने में सहायता प्रदान की जा रही है। इसके साथ ही इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक संचालक नगर तथा ग्राम निवेश कक्ष क्र.93 संयुक्त जिला कार्यालय में कर सकते है। गौरतलब है कि नियमितिकरण के तहत 0 से 120 वर्ग मीटर तक निःशुल्क प्रावधान रखा है. नियमितिकरण नही होने से योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकतें है। नियमितिकरण नही होने से बिजली, पानी सड़क जैसे मूलभूत आवश्यकताओं का निर्धारित व्यवस्था नही हो पाती।


चिचपोल घाट से रेत निकाली जा रही है और पर्ची काटी जा रही है हरदी घाट रेत भंडारण की

# खनिज विभाग की मौन स्वीकृति से नहीं थम रहा महानदी में अवैध रेत उत्खनन

## नियम विरुद्ध रात भर चलते है हाईवा वाहन, कलेक्टर का निर्देश भी बेअसर






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कसडोल, 12 फरवरी।** बलौदाबाजार जिला कसडोल विकासखंड मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मोहतरा के आश्रित ग्राम चिचपोल घाट पर इन दिनों रेत माफिया द्वारा महानदी के छाती को लगातार छलनी किया जा रहा है।

यहां अवैध रेत खनन जोरों से बिना किसी रोक-टोक और बेखौफ के चल रहा है। नियम विरुद्ध दिन-रात बड़ी संख्या में हाईवा वाहनें दौड़ रही है। जबकि रेत खनन का समय सुबह 6:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक निर्धारित है। पर ऐसा नहीं हो रहा है ।

इस घाट में दिन में कम और रात में अधिक हाईवा वाहनें देखने को मिल रही है, ओवरलोडिंग रेत भरी वाहनों से एक तरफसड़क जर्जर हो रही है वहीं दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है। भारी वाहनों की आवाजाही से चिचपोल, रानी मोहतरा, मोहतरा, गोरधा, चांटीपाली एवम् दर्रा के ग्रामीण लगातार परेशान हैं। यही कारण की ग्राम पंचायत मोहतरा के सरपंच, पंचगण एवं ग्रामीण जन समाचार पत्रों के माध्यम से चिचपोल घाट को बंद कराने की मांग लगातार कर रहे हैं। खास बात यह है कि रेत चिचपोल घाट पर महानदी से निकाला जा रहा है और घाट पर ही पर्ची हरदी घाट के रेत भंडारण का ( ए डी एंड कंपनी द्वारा ) काटा जा रहा है। इसका कारण खरीदने वाली बड़ी-बड़ी कंपनियां बिना रायल्टी पर्ची वाले वाहन का रेत नहीं खरीदते है। इसीलिए अपने अवैध रेत को खपाने के लिए कहीं का भी पर्ची थमाया जा रहा है। संवाददाता द्वारा हरदी घाट एवं उनके भंडारण स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि हरदी घाट बंद है और रेत भंडारण स्थल खाली पड़ा हुआ है। फिर भी चिचपोल घाट पर हरदी रेत भंडारण केंद्र का पर्ची दिया जा रहा है।

रेत माफियाओं के काले कारनामे को खनिज विभाग के अधिकारी भी अच्छी तरह जानते हैं पर उनकी जेब गर्म कर दी गई है इसलिए वह सब कुछ जानते हुए भी मौन हैं। खनिज विभाग की मौन स्वीकृति से ही यह सब गोरखधंधा चल रहा है, यही कारण है कि रेत माफियाओं का हौसला बुलंदी पर है और उनमें जरा भी प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की कार्यवाही का खौफ नजर नहीं आता है। जबकि पिछले कुछ दिनों पूर्व ही बलौदाबाजार जिले के कलेक्टर रजत बंसल ने सभी विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें गैरकानूनी कारोबार पर अंकुश लगाने का निर्देश जारी किया था। इसके बावजूद खनिज विभाग पर इसका कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारियों का वही रटा-रटाया जवाब हमेशा से सुनने को मिलता है कि यदि ऐसा हो रहा है तो बहुत गलत है जांच कर कार्यवाही की जाएगी! कितने भोले हैं खनिज विभाग के अधिकारीगण।

# भाजपाइयों ने किया पं. दीनदयाल उपाध्याय को याद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 12 फरवरी।** शनिवार को एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा डौंडी मंडल द्वारा नगर पंचायत चिखलाकसा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की फोटो पर मालाअर्पण व पूजा अर्चना कर पुण्यतिथि मनाया गया।

इस दौरान भारतीय जनता पार्टी द्वारा निम्न बिंदुओ पर चर्चा भी किया गया।प्रदेश कार्यसमिति में पारित राजनीतिक प्रस्ताव का वाचन, प्रत्येक बूथ पर बैठक आयोजित करना, मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन की समीक्षा एवं आगामी कार्य योजना की तैयारी, मन की बात आगामी 26 फरवरी को प्रत्येक बूथ में सुनने हेतु योजना, प्रत्येक बूथ में वॉट्सऐप ग्रुप बनाना, बूथ सशक्तिकरण एवं अन्य विषयों पर चर्चा, डाटा प्रबंधन कार्यशाला। इस डौंडी मंडल कार्यसमिति बैठक के प्रभारी भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सुदेश सिंह ने कहा आने वाले विधानसभा चुनाव में हम सब लोगो को एक होकर छत्तीसगढ़ में पुनः भाजपा की सरकार भारी बहुमतो से बनानी है। व्यक्ती कोई भी हो हमे कमल निशान पर ही वोट देना है।इस कार्यसमिति बैठक की अध्यक्षता हिंसाराम साहू भरत पटेल ने की। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष व सांसद प्रतिनिधि विक्रम धुर्वे ने कहा केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना लाया गया था परंतु राज्य में कांग्रेस सरकार द्वारा उसे अब तक पुरा नही किया है जिसके कारण छत्तीसगढ़ की जनता अब भी आवास से वन्छित है जिसके विरोध में भाजपाई द्वारा डौंडीलोहारा विधानसभा की विधायिका निवास का घेराव 13 फरवरी को भारी संख्या में किया जाएगा। इस कार्यसमिति बैठक में महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष राधिका, नगर पंचायत डौंडी अध्यक्ष सोमेश सोरी, उपाध्यक्ष रुपेश नायक, भाजपा डौंडी मंडल महामंत्री अजय चौहान, टिकेंद्र साहु, भाजपा जिला मंत्री अनिता कुमेटी, शिवराम, गौरीशंकर, राजू, तिहारूराम आर्य, विमला जैन, नीतू कुरेटी, मोरज्ध्वज साहू, संजीव मानकर, रेखा चौहान, रजनी, वीरेंद्र पासवान, मांत्रम, योगेंद्र कुमार सिन्हा, दीनू प्रसाद साहू, अमृत लाल, देवनारायण, कमल किशोर, शंकर, भुवन लाला, बरातू, पुस्पजीत, सीमेश, आशीष, ताराचंद पथोड़े, व बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी उपस्थिति थे।

# चाकूबाजी का एक आरोपी गिरफ्तार, 3 की तलाश जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा, 12 फरवरी।** आर्म्स एक्ट के तहत 04 आरोपीयो के विरूध्द शहर थाना पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई आरोपी से घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू एवं मोटर सायकल को जप्त किया गया 01 मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर

आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया अन्य आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक अरूण साहू के नेतृत्व में एक्ट के तहत 04 आरोपीयो के विरूध्द अपराध पंजीबद्व किया गया है।

टी.आई.अरूण साहू ने बताया 09 फरवरी को 01.30 बजें प्रार्थी लोकेश बंजारे पिता प्रेम प्रकाश बंजारे उम्र 19 साल साकिन सिनोधा अपने मोटर सायकल सुपर स्प्लेंडर में जा रहा था कि कालेज गेट के पास रोड भाटापारा में एक नीला रंग मो0सा0 में सवार दो व्यक्ती मोटर सायकल को ठोकर मार दिया और इसके दो अन्य साथी मेरे साथ झगड़ा विवाद कर मारपीट करने लगे और इनमें से एक लड़का चाकु से बायें कमर के नीचे में मारकर चोट पहुचांया, प्रार्थी कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान आरोपी ऋषभ राठौर का मेमोरण्ड कथन लिया गया जो अपने दोस्त को मोटर सायकल से आपस में टकरा गया और मारपीट बहस हो रहे थे उसी समय आरोपी - ऋषभ राठौर पिता शैलेन्द्र राठौर उम्र 21 साल साकिन शक्ति वार्ड अपने दोस्त के साथ अपने मोटर सायकल यामहा आर15 बिना नंबर मे आये और चारों दोस्तो के द्वारा प्रार्थी लोकेश बंजारे से गाली गलौज कर मारपीट होने लगे इसी दौरान आरोपी ऋषभ राठौर अपने पास रखे लोहे के चाकू से प्रार्थी लोकेश बंजारे के कमर के नीचे में चाकू मार दिया और चाकू को हवा में लहरा रहा था घटना में प्रयुक्त उक्त लोहे का धारदार चाकू जिसके दूसरे तरफ काटेदार है को आरोपी ऋषभ राठौर के निशानदेही पर बरामद किया जाकर प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण के आरोपी ऋषभ राठौर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। तथा प्रकरण में फरार आरोपीयो की तलाश जारी है।

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अरूण साहू के निर्देशन में प्रधान आरक्षक जेठू राम मनहरे, आरक्षक अश्वनी ध्रुव, हरेन्द्र कोसरे, जितेन्द्र निषाद का विशेष योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पहुंचे पलारी गणेश महापुराण का करेंगे वाचन



**बलौदाबाजार, 12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जोशीमठ पीठ के प्रमुख गुरु स्वामी शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज 7 दिनी प्रवास पर छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के पलारी पहुंचे। यहां पर वे गणेश महापुराण कथा का वाचन करेंगे। उनके पहुंचने पर गणेश महापुराण कथा के आयोजक परिवारों एवं नगर वासियों ने शंकराचार्य जी का बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया और कलश यात्रा के साथ पूरे नगर में भ्रमण कराया।

**छत्तीसगढ़ में 36 कथा करने का संकल्प:** विदित हो कि शंकराचार्य ने छत्तीसगढ़ में 36 कथा करने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए ही आज प्रथम कथा नगर पंचायत पलारी में गणेश महापुराण के रूप में की जा रही है। यह कथा सात दिनों तक चलेगी। आज के इस कार्यक्रम में कथावाचक में गणेशजी की महिमा का वर्णन किया। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा की तैयारी एवं संस्कृति के संबंध में ज्ञान की बातें कहीं।

### खड़े ट्रेलर से ट्रक की टक्कर में बुरी तरह फंसा चालक, जवानों की सक्रियता से बची जान



**बलौदाबाजार, 12 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 11 फरवरी की मध्य रात्रि में रायपुर-बलौदाबाजार सड़क मार्ग ग्राम कुकदा के पास दो भारी वाहनों के मध्य सड़क दुर्घटना होने की सूचना मिली। सूचना पर तत्काल थाना पलारी तथा आसपास के थानों सुहेला एवं थाना गिधपुरी का बल भी बचाव कार्य हेतु तत्काल घटनास्थल पहुंचा। घटना में एक भारी वाहन चालक के अचानक सड़क में ब्रेक मार देने से उसके पीछे चल रहा दूसरा ट्रक जा घुसा, जिसमें पीछे वाले वाहन का चालक बुरी तरीके से स्टेरिंग में फंस गया। इसके साथ ही अत्यंत वजनी लोहे का जाली पूरे रोड में फैल गया संपूर्ण सड़क मार्ग जाम हो गया। रात्रि होने एवं अंधेरा होने से लोहे की जाली में अन्य वाहनों के भी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई थी। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक कुमार झा के निर्देशन में, निरीक्षक नरेश कांगे थाना गिधपुरी, उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम कुर्रे थाना प्रभारी पलारी, उप निरीक्षक बी.के.सोम एवं सहायक उप निरीक्षक श्रवण नेताम के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सुरक्षा एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया गया। सर्वप्रथम वाहन चालक को बाहर निकालना अत्यंत आवश्यक था, क्योंकि वह स्टेयरिंग में बुरी तरीके से फंसा हुआ था। एक-एक सेकंड इस वाहन चालक के लिए बेहद कीमती था, थोड़ा सा भी विलंब होने पर उसकी जान जा सकती थी, किंतु इतने रात्रि एवं अंधेरे में स्टेयरिंग के लोहे को काटकर ड्राइवर को निकालना अत्यंत मुश्किल काम था। इस बीच थाना पलारी द्वारा लोहे के कटर की व्यवस्था किया गया। जैसे ही बचाव कार्य प्रारंभ किया गया वैसे ही कटिंग से अंधेरे में ड्राइवर का कोई अंग कट जाएगा, यह आशंका भी बनी हुई थी, किंतु थाना पलारी में पदस्थ प्रधान आरक्षक ओंकार राजपूत द्वारा बेहद साहस एवं कुशलता का परिचय देते हुए कटर मशीन के माध्यम से स्टेयरिंग सीट के आसपास जाम हो गए लोहे के एंगल आदि को काटा गया एवं ड्राइवर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। ड्राइवर बहुत ही घायल अवस्था में था उसे तत्काल पुलिस द्वारा एंबुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलारी पहुंचाया गया। तत्पश्चात उचित इलाज हेतु उसे रायपुर रिफर किया गया। दुर्घटना से सड़क के बीचो-बीच लोहे के वजनी जालियों का एक प्रकार का ढेर लग गया था, जिसे तत्काल हटाना भी अत्यंत आवश्यक था। इसके लिए पलारी पुलिस द्वारा प्रयास कर रात्रि में एक जेसीबी की व्यवस्था किया गया एवं लोहे की जालियों को रोड के किनारे लगाया गया। तत्पश्चात मार्ग के दोनों तरफवाहनों का सुचारू रूप से आवागमन प्रारंभ हुआ। मौके पर उपस्थित पुलिस बल द्वारा अत्यंत तेजी एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए वाहन चालक का बचाव कार्य संपादित किया गया। थोड़ा सा भी विलंब ड्राइवर के लिए बहुत भारी पड़ सकता था। वर्तमान में वाहन चालक खतरे से बाहर है।


**Public Notice Regarding Grant of Environment Clearance**

The Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India has granted Environment Clearance vide EC Identification No. EC23A008CG169179 Dated 10.02.2023 to Greenfield project for a DRI based Steel plant to produce Sponge Iron 198,000 TPA; Mild Steel Billets 345,800 TPA; Rerolled Steel Products through Hot Charging and through Reheating Furnace 342,144 TPA; Ferro Alloys 35,000 TPA and/or Pig Iron 70,000 TPA from 9 MVA x 2 Nos. SAF; Captive Power of 20 MW (12 MW through WHRB and 8 MW through AFBC); Pipes 150,000 TPA; Galvanizing products 100,000 TPA; and Fly Ash Bricks 34,600 TPA for our proposed greenfield project at Village- Madhi, RI- Kharora, Tahsil- Tilda, District- Raipur (CG). The copy of the same is available at Ministries website (www.parivesh.nic.in) as well as RO (Raipur) and HO (Naya Raipur) of Chhattisgarh Environment Conservation Board.

**Place: Raipur (C.G.)**
**Date: 10.02.2023**

**M/s. Gauri Ganesh Ispat Private Limited**
Village- Madhi, RI-Kharora,
Tahsil- Tilda, District- Raipur (CG).



**कार्यालय नगर पालिका परिषद, बीजापुर, जिला-बीजापुर (छ.ग.)**

क्रमांक/1484/न.पा.परि./2021-22 बीजापुर, दिनांक 01/02/2023

**रूचि की अभिव्यक्ति**

एतद द्वारा नगर पालिका परिषद् बीजापुर सब्जी मार्केट समीप निर्मित पौनी-पसारी निर्मित चबुतरा को इच्छुक व्यक्तियों/परंपरागत व्यवसायी/स्व सहायता समूह/कौशल कारीगरों इत्यादि एवं अन्य से को चबुतरा आबंटित हेतु दिनांक 16.02.2023 तक आवेदन आमंत्रित है। आबंटित चबुतरा का किराया प्रतिदिवस 10/- (अक्षरी दस रूपये मात्र) होगी।

**टीप:-** उपरोक्त संबंधित सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज कार्यालयीन समय में कार्यालय नगर पालिका परिषद बीजापुर से प्राप्त की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बीजापुर**
**जिला-बीजापुर (छ.ग.)**

पर्यावरण संरक्षण हेतु पॉलीथीन का उपयाग न करें।
नगर पालिका करों का भुगतान समय पर करें।


## नई फसलों को लेकर किसान अवनीश का प्रयोग रहा सफल

# अब देवभोग की धरती पर भी होगी सौंफ,अजवाइनऔर पान की फसल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग, 12 फरवरी।** नई फसलों को लेकर किसान अवनीश पात्र का प्रयोग सफल हो गया है। किसान अवनीश ने तीन साल तक करीब 15 डिसमिल में सौंप, अजवाईन, पान और कालीमिर्च की नई फ़सल लगाकर उसे गोबर खाद और कीटनाशक के रूप में गौ मूत्र का छिड़काव करते हुए फ़सल को तैयार किया। अवनीश ने इस दौरान क्षेत्र की जलवायु को भी भापा। तीन साल तक नई फसलों की खेती करने के बाद जो परिणाम आये, वह किसान अवनीश के लिए संतोषभरा रहा। उन्होंने जो सोचा था, फ़सल उनके अनुकूल हुआ। अब अवनीश इस खेती को जल्द ही बड़े स्तर पर करने की तैयारी कर रहे है। यहां बताना लाजमी होगा कि अब तक देवभोग की धरती में कभी पान और अजवाईन की खेती नहीं हुई थी। लेकिन किसान अवनीश की मेहनत से नई फसले तैयार होकर आसानी से क्षेत्र के लोगों के बीच पहुँच जायेगी।

**औषधि पौधों के संरक्षण का पेश कर रहे जबरदस्त उदाहरण:** आज के समय में ज़ब लोग सिर्फमुनाफे के लिए बगीचा में फल और सब्जी की फ़सल लेकर उसे बेचकर मुनाफा कमाने की सोचते है। लोगों का ध्यान औषधि पौधों पर ना के बराबर रहता है। ऐसे समय में जनहित को देखते हुए किसान अवनीश ने अपने बगीचे में 350 प्रकार के औषधि प्रजाति के पौधों का संरक्षण किया है। किसान अवनीश ने बताया कि उनके यहां सीता अशोक, दाल चीनी, काली मिर्च, मौल श्री, आंवला, भृगराज,



सतावर के साथ ही अन्य कई औषधि पौधे लगाए गए है। अवनीश के मुताबिक जो भी जरूरत मंद उनसे औषधि की मांग करता है। वे उसे उपलब्ध करवाते है। किसान अवनीश के मुताबिक उन्हें 350 प्रकार के औषधि को लाने में बहुत मेहनत करना पड़ा। उन्होंने ओड़िसा की हर्बल नर्सिया, इंद्रा गाँधी कृषि विश्व विधालय रायपुर, वन विभाग की नर्सरी के साथ ही जंगल से कुछ पौधे जानकार या वैध के मदद से लाकर बगीचा में लगाया है।

**बगीचे में बहु फसलीय प्रदर्शन का जबरदस्त उदाहरण:** किसान अवनीश के माहुलकोट स्थित 10 एकड़ के बगीचे में बहु फसलीय प्रदर्शन का जबरदस्त उदाहरण देखने को मिलता है। अवनीश के मुताबिक उनके बगीचे में फल उद्यान में आम, नीबू, कटहल, चिंकू, नारियल, अनार, स्टार फ्रूट, अमरूद और पपीता लगा हुआ है। जबकि बगीचे के दूसरी तरफ सब्जी वर्गीय फ़सल में लौकी, करेला, कद्दू, भिंडी, गोभी, टमाटर के साथ ही अन्य कई फ़सल लगाया गया है। वहीं मसाला वर्गीय फ़सल में धनिया, अजवाईन, सौंप, लहसुन, प्याज़, तेजपत्ता के साथ अन्य मसाला की फ़सल ली गई है। वहीं औषधि फ़सल के साथ फूल वर्गीय पौधे जैसे गेंदा, गुलाब, ग्लोडियस, बेजी, कोसमोस, चमेली और रजनीगंधा बगान की खूबसूरती बढ़ा रही है।

**प्राकृतिक और जैविक खेती का है बहुत ज्यादा महत्व:** किसान अवनीश ने बताया कि आज से करीब 11 साल पहले ज़ब उन्होंने यहां खेती शुरू की थी। तो यहां एक पौधा लगाकर या फ़सल लगाकर उसे तैयार करना किसी असंभव से कम नहीं था। बंजर जमीन पर दूर-दूर तक पौधे नहीं दिखते थे। ऐसे में ज़ब अवनीश ने मेहनत करना शुरू किया तो लोगों ने कई दफ़े उन्हें टोका। दृढ़ निश्चय रखने वाले अवनीश कभी भी अपने निर्णय से नहीं डगे। उन्होंने शुरू से ही गोबर खाद और गौ मूत्र से बना कीटनाशक बनाकर खेतों में उसे डालकर खेती शुरू की। शुरूवात में चार साल तक बहुत मेहनत करने के बाद भी परिणाम नहीं दिखा। पाँचवे साल में अवनीश की मेहनत रंग लायी और चारों तरफबंजर जमीन में हरियाली छा गई। अवनीश ने बताया कि प्राकृतिक और जैविक खेती से हुआ अनाज या अन्य फसलों का सेवन करने से शरीर भी स्वस्थ बना रहता है।

## एक नजर

### खाद्य विभाग से लाखों रुपए की औषधि पार

**रायपुर, 12 फरवरी।** कालीबाड़ी स्थित खाद्य एवं औषधी प्रशासन भवन परिसर से अज्ञात चोर ने लाखों रुपए के औषधि पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग के डॉक्टर टेकचंद धीरहे 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि 10 से 11 फरवरी के मध्य परिसर में शेड के नीचे रखे जब्ती औषधी को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए औषधी की कीमत करीब 8 लाख 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मोबाइल देने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी

**रायपुर, 12 फरवरी।** 120 नग मोबाइल देने का झांसा देकर 7 लाख 57 हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। कोर्ट के आदेश पर टिकरापारा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मोतीनगर टिकरापारा निवासी प्रार्थी मोहम्मद आसिफ सिद्दकी 33 वर्ष ने कोर्ट में आवेदन लगाया था। कि आरोपी प्रदीप आहुजा एवं निकिता शर्मा ने प्रार्थी को 120 नग मोबाइल फोन देने के नाम पर 7 लाख 57 हजार रुपए अपने खाता में जमा करवा लिया। जिसके बाद आरोपियों ने अपना संपर्क तोड़ दिया। जिससे कोर्ट ने टिकरापारा थाना को जांच के आदेश दिया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।

### मॉल के सामने खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 12 फरवरी।** कलर्स मॉल के सामने खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरकेसी परिसर निवासी प्रार्थी दीपक भुक्ता 34 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 सीएक्स 3157 को कलर्स मॉल के सामने मेन रोड में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### उधार पैसे के लेन-देन को लेकर युवक को पीटा

**रायपुर, 12 फरवरी।** लोको कालोनी गुढ़ियारी में उधार पैसे के लेन-देन को लेकर दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवारी बाजार गुढ़ियारी निवासी प्रार्थी राधेश्याम यादव 36 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह लोको कालोनी के तरफ गया था, तभी उधार पैसे के लेन-देन को लेकर आरोपी बाबुल व मन्नु ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 12 फरवरी।** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर तीन ने एक युवक से गाली-गलौज कर नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार आरवीएच कालोनी खमतराई निवासी प्रार्थी महेश साहू 23 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि खमतराई बाजार में आरोपी दीपक ध्रुव, युवराज ध्रुव व भुनेश्वर ने प्रार्थी के भाई कमलेश साहू से शराब पीने के लिए पैसा मांगा। जिससे कमलेश ने मना किया तो आरोपियों ने कमलेश से गाली-गलौज कर नुकीली चीज से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 327, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पत्नी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 12 फरवरी।** शिवम शॉप के पास पंडरी में एक युवक ने अपनी पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार कोटा कालोनी सरस्वती नगर निवासी प्रार्थिया प्रेरणा धाबू 27 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि शिवम शॉप के पास पंडरी में प्रार्थिया के पति आरोपी आयुष थामस प्रार्थिया के माता-पिता को गाली-गलौज कर रहा था। जिससे मना किया तो आरोपी ने अपनी पत्नी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# देखी है दरार आज आइने में मैंने, पता नहीं शीशा टूटा था या मैं






मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार इस वक्त देश में अमृतकाल चल रहा है यह 25 साल चलेगा देश की आजादी के 100 साल यानि सन 2047 तक चलेगा।देश में 80ब्रआबादी के पास खाने के लिए भोजन नहीं हैं(केंद्र सरकार का 5किलो अनाज मुफ्त देने का दावा) करोड़ों लोग कोरोना महामारी में बेरोजगार हो गय हैंपिछला बजट अमृतकाल के 25 साल में 60 लाख रोजगार देने की बात की गई हैंइस बार बेरोजगारी का मसला ही गोल है,पर पिछले चुनाव के समय 2करोड़ हर साल रोजगार देने के वादे का क्या हुआ.? इस बजट में उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। इन लोगों को अब कोई टैक्स नहीं देना होगा। इसके अलावा इनकम टैक्स स्लैब की संख्या भी घटाकर 5 कर दी गई है। किसानों की आय दोगुनी करने के वादे का क्या हुआ100 स्मार्ट सिटी बनी कि नहींसाल 2023-24 के बजट में मनरेगा के लिए बजट आवंटन महज 60 हजार करोड़ रुपये का है। यह पिछले साल के मुकाबले 33 फीसदी कम है। इससे उलट एक साल पहले इस योजना के लिए बजट में 73 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया था। बाद में इसे रिवाइज कर 89,400 करोड़ रुपये कर दिया गया था। इससे एक साल पहले मतलब 2021-22 में इस योजना को 98,468 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। साल 2020-21 में तो इसके लिए बजट में तो 61,500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था, पर बाद में इसे रिवाइज कर 1,11,500 करोड़ रुपये कर दिया गया था।शिक्षा के बजट में कटौती की गई है। इधर रेल बजट में बड़ी वृद्धि की गई है पर बुजुर्गो को रियायत नहीं, टिकट रद्द कराने पर जीएसटी में राहत नहीं, मँहगे टिकट में राहत नहीं और यात्री सुविधाओं में कोई राहत नहीं यही उपलब्धि है?

इस साल के मोदी सरकार और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट का हाल खैर हम बजट के इतिहास पर चलते हैं..ब्रिटिश क्राउन के अंतर्गत ईस्ट इंडिया कंपनी के ज़रिए हिंदुस्तान में 7 अप्रैल, 1860 को पहला बजट जेम्स विल्सन ने पेश किया था.देश की आजादी के बाद पहले वज़ीरे खज़ाना (वित्त मंत्री ) आर. शन्मुखम चेट्टी ने 26 नवंबर 1947 को शाम 5 बजे आज़ाद हिंदुस्तान का पहला बजट पेश किया था. हालांकि यह मुकम्मल बजट नहीं था.आज़ाद हिंदुस्तान का पहला बजट केवल 7 महीने (15 अगस्त, 1947 से 31 मार्च 1948 तक) के लिए ही पेश किया गया था। इसमें भारतीय अर्थव्यवस्था का जायज़ा किया गया और कोई नया टैक्स नहीं लाया गया था. देश के इतिहास में सबसे अधिक बार बजट पेश करने वाले वित्त मंत्री मोरारजी देसाई हैं।देसाई 1959 में भारत के वित्त मंत्री बने थे. उन्होंने 10 बार बजट पेश किया।मोरारजी ने 1964 और 1968 में दो बार अपने जन्मदिन 29 फरवरी को बजट पेश किया।मोरारजी देसाई के बाद पी चिदंबरम ने सर्वाधिक 8 बार बजट पेश किया है। प्रणब मुखर्जी, यशवंत सिन्हा, वाईबी चौहान और सीडी देशमुख ने 7 बार बजट पेश किया।पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह,यशवंत सिन्हा और अरुण जेटली ही ऐसे नेता रहे हैं जिन्होंने लगातार 5 बार बजट पेश किया. निर्मला सीतारमण ने 4 बार.।संसद में बजट पेश करने वाली महिलाओं में सिर्फ इन्दिरा गांधी और निर्मला सीतारमण शामिल हैं।

### कभी अनुसुईया जी और डॉ रमन एक दूसरे के खिलाफ थे?



छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनसुईया उइके और छ्ग सरकार के बीच तल्ख़ी की खबरें आती रहती हैं, आरक्षण मुद्दे पर तो सरकार सीधे-सीधे भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगा चुकी है, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि राज्यपाल खुद अपने अधिकारों का दुरुपयोग कर रही हैं। जो बिल विधानसभा से पारित हुआ है उसके बारे में सरकार से पूछने का उन्हें कोई अधिकार ही नहीं है। उसी के आधार पर तो हम कोर्ट गए हैं। कोर्ट ने यदि उसको नोटिस दिया है तो उसका जवाब कोर्ट को देना चाहिए, बाहर नहीं। अगर उनको वकील भी लगाना है तो राज्य सरकार से पूछकर ही लगाएंगी ना। क्योंकि सरकार की सलाह से ही राज्यपाल काम करती हैं। वैसे सीएम भूपेश बघेल तो 26 जनवरी को महामहिम से मिलने भी गये थे पर उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों ने दूरी बनाए रखी.? वैसे कभी मप्र कांग्रेस सरकार के मंत्रिमंडल का हिस्सा रहीं, डॉ चरणदास महंत के साथ मंत्री रहीं अनसुईयाजी से छ्ग का पुराना नाता है, ज़ब खरसिया विधानसभा उप चुनाव हुआ था.वर्ष 1988 में एक बार खरसिया ने मध्यप्रदेश की राजनीतिक फिजां को बदल दिया था, खरसिया संघर्ष के 18 दिनों में ऐसा मंथन हुआ कि उस मंथन से कई हीरे निकलेडॉ.रमन सिंह की तब खरसिया उपचुनाव में ड्यूटी मुड़ीपार गांव में लगी थी,लेकिन तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह के विश्वस्त वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जिसमें अपर मुख्य सचिव जैसे लोग खरसिया में डेरा डाले हुए थे,ऐसे में डॉ.रमन सिंह भाजपा की ओर से कमान सम्हाले हुए थे मुड़ीपार में। तब जिस पटेल के घर डॉ.रमन सिंह और उनकी टीम को आश्रय मिला हुआ था,उसने प्रशासनिक दबाब में घर खाली करा दिया गया था । डॉक्टर साहब और उनकी टीम ने बड़ के पेड़ के नीचे डेरा जमाया। गांवों वालों के बीच निशुल्क दवाएं,इंजेक्शन और चेक अप करते हुए उनका विश्वास हासिल करने का प्रयास किया थाअर्जुनसिंह और दिलीप सिंह जूदेव के बीच कठिन मुकाबला हुआ था तब अर्जुनसिंह के प्रचार प्रसार के लिये सुश्री अनसुईयाजी भी आई थीं..उन्होंने जमकर प्रचार किया था,वे तो काफ़ी बाद में भाजपा की सदस्य बनीं? वे जन्मजात तो भाजपाई नहीं रहीं और न ही संघ से जुडी रहीं? कांग्रेस की विचारधारा को अच्छे से जानने वालीं सुश्री अनसुईयाजी से कांग्रेस की इतनी तल्ख़ी क्यों? वैसे अविभाजित मप्र में विधायक रहते हुए उनके छ्ग की रश्मिदेवी सिंह से भी मधुर सम्बन्ध थे क्योंकि दोनों भोपाल में पड़ोसी भी थे।

### छ्ग का पहला बजट 'राम' और 'सेवाराम'?



अविभाजित मप्र में 1985 बैच के आईएएस सेवाराम दंतेवाड़ा में एसडी?म, जगदलपुर, रायपुर में एडीशनल कलेक्टर तथा दुर्ग में कलेक्टर भी रहे। हाल ही में उनसे मुलाक़ात रायपुर में हुई, वे बस्तर घूमने आए थे। चंडीगढ़ में रह रहे इस पूर्व अधिकारी ने बताया कि ज़ब छ्ग बना और पहला बजट बनाना था तब यहाँ किसी भी अधिकारी को बजट बनाने का पूर्व अनुभव नहीं था तब छ्ग के पहले सीएम अजीत जोगी के अनुरोध पर तब के मप्र के सीएम दिग्विजय सिँह ने मुझे भेजा था और हमारी टीम ने छ्ग का पहला बजट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़ राज्य बने 22साल से अधिक हो गए। अब प्रदेश की आकांक्षाएं लेकिन इसकी कहानी शुरू हुई थी।5 हजार 700 करोड़ रुपए की मामूली राशि से 2001 में इतनी राशि का पहला बजट आया था।नवम्बर 2000 में छत्तीसगढ़ की पहली सरकार ने कामकाज संभाला। नया राज्य, बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन राज्य के पास आय के पर्याप्त साधन नहीं थे। सरकार का कामकाज चलाने के लिए पहले वित्त मंत्री रामचंद्र सिंहदेव ने करीब 1300 करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया था। बाद में 2001-02 के लिए आम बजट आया। उसका आकार करीब 5 हजार 700 करोड़ रुपए था।

### छ्ग की नौकरशाही में अब पुरानी बोतल, नई शराब

भूपेश बघेल सरकार ने राज्य के पूर्व मुख्य सचिव और रेरा के पूर्व चेयरमैन विवेक ढांड को 'छत्तीसगढ़ राज्य नवाचार आयोग' का अध्यक्ष नियुक्त किया है।वहीँ राजभवन ने पूर्व आईएएस तथा सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल को रेडक्रास सोसायटी का चेयरमेन बनाया है तो छ्ग सरकार ने रिटायरमेंट के बाद 2003 बैच के प्रमोटी आईएएस निरंजन दास को संविदा नियुक्ति देकर इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग का सचिव बनाया है। रिटायरमेंट के पहले तक निरंजन दास के पास एक्साइज कमिश्नर का प्रभार था। सरकार ने संविदा में नियुक्त निरंजन दास को आयुक्त आबकारी फिर बना दिया है । राज्य में अब संविदा वाले तीन आईएएस हो गए हैं। डॉ आलोक शुक्ला स्कूल और तकनीकी शिक्षा के प्रमुख सचिव हैं तो डी डी सिंह मुख्यमंत्री के सचिव के साथ सामान्य प्रशासन विभाग और आदिमजाति कल्याण के सचिव हैं।

### अडानी और 3.75% आम लोगों के शेयर

अदाणी समूह के 1 अरब 14 करोड़ शेयर में से 73 करोड़ (64 प्रतिशत) खुद अदाणी-परिवार के पास हैं। 18 करोड़ (16 प्रतिशत) विदेशी संस्थानों के पास हैं। सिर्फ़ ढाई करोड़ शेयर (सवा दो फ़ीसदी) आम निवेशकों के पास हैं और साढ़े चार करोड़ (पौने चार प्रतिशत) देसी वित्तीय संस्थानों के पास। सरकार को किस के डूबने की चिंता है? 6 प्रतिशत लोगों की या 91 प्रतिशत सेठों की.?

### और अब बस....

» छ्ग के 2008 बैच के आईएएस नीरज बँसोड़, गृह मंत्री अमित शाह के निजी सचिव बनाए गये हैं।

» महादेव ऐप डायरेक्टर (सट्टा किंग) सौरभ चंद्राकर के विवाह समारोह में शामिल होने कुछ लोगों के दुबई जाने की खबर है।

» कभी कॉंग्रेस वर्किंग कमेटी में अजीत जोगी, ताम्रध्वज साहू सदस्य रहे हैं।अब भूपेश बघेल का सी डब्लू सी का मेंबर बनना तय माना जा रहा है।

» सरल, सौम्य छवि वाले डॉ रमनसिंह की आखिर भाजपा आलाकमान उपेक्षा क्यों कर रहा है.?

# बृजमोहन अग्रवाल के प्रस्ताव पर 23 कि.मी. सड़क का डामरीकरण करेगा पीडब्ल्यूडी

**रायपुर 12 फरवरी।** भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के प्रयासों से रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में 802.57 लाख रुपये से 22.95 किलोमीटर सड़क डामरीकरण की प्रशासनिक स्वीकृति आदेश लोक निर्माण विभाग ने जारी कर दिया है। श्री अग्रवाल ने बताया कि उनके विधानसभा क्षेत्र में ज्यादातर सड़कों को नगर निगम में विभिन्न योजनाओं के तहत खुदाई कर दी है, उसे न तो रिपेरिंग किया और न ही पुनः डामरीकरण कांक्रीटीकरण कर बनाया गया। आम जनता धूल व गड्ढों से परेशान है। नगर निगम इन सड़कों का पुनः निर्माण नहीं कर पा रही है इसीलिए उन्होंने लोक निर्माण विभाग मंत्री को 22-23 के बजट में इन सभी सड़को को शामिल करने प्रस्ताव दिया था और प्रस्ताव बजट में शामिल किया गया था ।लोक निर्माण विभाग के द्वारा संत भक्त माता कर्मा वार्ड चंगोराभाठा,



पी एस सिटी के 8.5 किलोमीटर सड़को के डामरीकरण कार्य हेतु 263.85 लाख रूपये, ब्राह्मणपारा- कंकालीपारा के आंतरिक सड़को के डामरीकरण 7.425 किलोमीटर हेतु 271.04 लाख रुपए व टिकरापारा-मठपारा आंतरिक मार्ग 7 किलोमीटर सड़क के डामरीकरण हेतु 276.68 लाख ररुपए की प्रशासनिक स्वीकृति जारी कर दी है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि लगभग 23 किलोमीटर सड़क दे डामरीकरण के बाद चंगोराभाठा, ब्रम्हणपारा, टिकरापारा, मठपारा के जनता को धूल व गड्ढो से मुक्ति मिलेगी।इसी तरह 22-23 के बजट से उनके प्रस्ताव पर अभी-अभी शैलेंद्र नगर के आंतरिक सड़कों का, महामाया मंदिर वार्ड के महामायापारा, ब्रम्हपुरी प्रोफेसर कालोनी के आंतरिक सड़कों का व बिपिन बिहारी सुर वार्ड में मठपारा, गभरापारा, आदर्श नगर, वीरभद्र नगर के सड़को का डामरीकरण किया गया था।भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश पंजवानी, महेश शर्मा, शालिक ठाकुर, प्रवीण देवड़ा, पार्षद मनोज वर्मा, मृत्युंजय दुबे, चंद्रपाल धनगर, सरिता आकाश दुबे ने वार्ड में सड़क डामरीकरण स्वीकृति के लिए बृजमोहन अग्रवाल जी के प्रति हार्दिक आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### सरेआम शराब पीते 14 गिरफ्तार

**रायपुर, 12 फरवरी** । राजधानी पुलिस ने सरेआम शराब पीते 14 नशेड़ियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार सेजबहार पुलिस ने ग्राम डोमा तिराहा के पास शराब पीते आरोपी लेखन साहू 27 वर्ष व डीलेश्वर कोसले 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी राजेश ढोमने 43 वर्ष, हरकराम यादव 48 वर्ष व चंदन ठाकुर 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह खमतराई पुलिस ने आरोपी संजय साव 25 वर्ष व राजेश साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोलबाजार पुलिस ने आरोपी यशवंत कुमार धुरंधर 28 वर्ष, अशोक साहू 35 वर्ष, भागबली नेताम 24 वर्ष, गोलू ध्रुव 35 वर्ष व जीतू यादव 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# नगर पंचायत अभनपुर बनेगी नगरपालिका

**रायपुर, 12 फरवरी ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने महत्वाकांक्षी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान आज रायपुर जिले के अभनपुर विधानसभा के ग्राम खोरपा में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों से भेंट-मुलाकात शुरूआत की। उन्होंने शासन द्वारा संचालित योजनाओं को फीड बैक लिया तथा 66 करोड़ 38 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों और फैसलों के कारण राज्य में अब तक सर्वाधिक धान की खरीदी हुई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल भेंट-मुलाकात को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बनते ही सबसे पहले हमने ऋण माफी का फैसला किया, शपथ ग्रहण करते ही सबसे पहले मंत्रालय पहुँचकर 19 लाख किसानों का साढ़े 9 हजार करोड़ रूपए का ऋण माफ किया। जिन किसानों ने धान बेचा था और जिनका कर्ज पटा दिया गया था, उनकी राशि वापस लौटाई गई। समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की, किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना में इनपुट सब्सिडी दी। इस योजना की 3 किस्त की राशि किसानों के खाते में आ गई है। योजना की आखिरी और चौथी किस्त 31 मार्च को दी जाएगी। बघेल ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं से किसानों के जीवन में काफी परिवर्तन आया है। मुख्यमंत्री ने कहा हमारी मंशा है सबको राशन मिले, हमने सबका राशन कार्ड बनाया। उन्होंने राशन कार्ड के हितग्राहियों से बातचीत कर योजना का फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री ने लोगों से पूछा किनका-किनका कर्ज माफ हुआ है। इस पर बड़ी संख्या में लोगों ने हाथ उठाकर बताया कि उनका कर्ज माफहुआ है। अभनपुर विधायक श्री धनेंद्र साहू भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# यात्रियों के सामान चोरी करने वाले दो पकड़ाये

**रायपुर, 12 फरवरी।** रायपुर रेलव स्टेशन में यात्रियों का सामान व मोबाईल फोन चोरी करने वाले दो चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है तथा उनके पास से चोरी के मोबाईल फोन तथा लैपटॉप बरामद किया है। आरोपी चोरी के सामानों को बेचने के लिए रेलवे स्टेशन में ही ग्राहक की तलाश कर रहे थे इसी दौरान पकड़े गए। मिली जानकारी के अनुसार जीआरपी थाने में कुछ दिनों पहले गाड़ी संख्या 12808 समता एक्सप्रेस से एक यात्री का लैपटॉप तथा मोबाईल चोरी होने तथा प्लेटफार्म नंबर एक से एक यात्री का चार्जिंग में लगा मोबाईल फोन चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में रेलवे पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशन में रेलवे पुलिस द्वार लगातार यात्री सामानों की चोरी के आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। तथा सीसीटीवी फूटेज खंगाले जा रहे थे। इसी दौरान इस मामले में मुखबीर से सूचना मिली और मुखबीर की सूचना पर सीसीटीवी फुटेज में दिखे हुलिया का एक व्यक्ति को रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर 1 गेट के पास एवं दूसरे ब्यक्ति को जिंदल गार्डन के पास रायपुर रेलवे स्टेशन में चोरी का लैपटॉप व मोबाइल बेचने के फिराक में ग्राहक की तलाश करते देखा गया तथा घेरा बंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवकों ने अपना नाम पता राजा बैरागी पिता वीर सिंह बैरागी , उम्र-22 साल, निवासी- कृष्णा नगर, गली नं 04, महात्मा गांधी स्कूल के पीछे गुढियारी का रहने वाला बताया ,उसके पास 01 नग लैपटॉप व एक नग रीयलमी जिसे 8 फरवरी को रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर 3 से किसी यात्री का समता एक्सप्रेस के स्लीपर कोच से चोरी करना स्वीकार किया। वहीं दूसरे आरोपी प्रवीण कुमार दुबे ,पिता - अशोक कुमार दुबे , उम्र-29 साल, निवासी- दंतेश्वरी मंदिर के पास कुशालपुर, जिसके पास से 1 नग सैमसंग कंपनी का मोबाइल मिला जिसे 10 फरवरी को रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर 1 से चोरी करना स्वीकार किया। मामले में दोनों आरोपी के विरुद्ध जीआरपी थाना रायपुर में अपराध दर्ज कर न्यायालय रायपुर के समक्ष पेश किया गया।

### मुख्यमंत्री ने सामाजिक भवनों के लिए स्वीकृत की राशि

**रायपुर, 12 फरवरी ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर जिले के अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तामासिवनी और खोरपा में आम जनता से भेंट-मुलाकात के पश्चात शाम को अभनपुर विश्राम भवन में विभिन्न समाज एवं संगठनों के प्रतिनिधिमंडल से भेंट-मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी समाज के प्रतिनिधियों से सामाजिक कार्यों, मांगों और स्थानीय समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सामाजिक प्रतिनिधियों से शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के बारे में चर्चा कर फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से अभनपुर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात कर अभनपुर नगर पालिका घोषित किए जाने पर उनका गजमाला पहनाकर आभार व्यक्त किया। नेकी की कुटिया, सतनाम भवन के दिव्यांग बच्चों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

### विप्र कॉलेज में रंग-तरंग वार्षिक स्नेह सम्मेलन 13 फरवरी को

**रायपुर 12 फरवरी।** छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय में 13फरवरी सोमवार को मध्यान्ह 1:30 बजे से रंग तरंग वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन मुख्य अतिथि विकास उपाध्याय (संसदीय सचिव एवं विधायक रायपुर पश्चिम) एवं कार्यक्रम अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा (अध्यक्ष ,योग आयोग छत्तीसगढ़ शासन )के गरिमामय उपस्थिति में संपन्न होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने बताया कि कोरोना काल के कारण 3 वर्ष अंतराल के उपरांत आयोजित वार्षिक स्नेह सम्मेलन में विद्यार्थियों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने को मिलेगा।

### सहायक शिक्षकों का प्रदर्शन खत्म

**रायपुर, 12 फरवरी ।** वेतन विंसगति को लेकर सहायक शिक्षकों का प्रदर्शन खत्म कर दिया गया है। सीएम हाउस घेराव मे पूरे प्रदेश भर से आये सहायक शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान नया रायपुर के तूता प्रदर्शन स्थल पर सभी सहायक शिक्षक जुटे। यहां से फिर सीएम हाउस का घेराव करने के लिए निकले। इस दौरान पुलिस ने उन्हें तूता धरना स्थल से 500 मीटर की दूरी पर रेलवे अंडर ब्रिज के पास रोक दिया गया। यहां पर एसडीएम को वेतन विसंगति की मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया और फिर प्रदर्शन को खत्म किया गया। सहायक शिक्षक संघ के द्वारा वेतन विसंगति को लेकर हड़ताल किया गया है। आज उनके दौरा सीएम हाउस का घेराव और प्रदर्शन रखा गया था।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23